

दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



इन दिनों लीड रोल में नजर आएंगे .....



दीपिका की फिल्म कल्कि का गाना आउट...

वर्ष : 10 | अंक : 65 | लखनऊ, 13 फरवरी, मंगलवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

**मौसम**

अधिकतम तापमान 18.c

न्यूनतम तापमान 12.c

**बाजार**

सोना 5848/ g

चांदी 75.50/ g

सेंसेक्स 72,085.63

निफ्टी 21,853.80

# किसानों को गत वर्ष के गन्ने का भुगतान 99.09 प्रतिशत किया जा चुका: मुख्यमंत्री

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि किसानों को गत वर्ष के गन्ने का भुगतान 99.09 प्रतिशत किया जा चुका है। नये सत्र में प्रदेश की 2 119 चीनी मिलों में से 105 चीनी मिलें 10 दिन से कम समय में गन्ना मूल्य का भुगतान कर रही हैं। शेष चीनी मिलों को निर्देश दिए गये हैं कि अन्नदाता किसानों की मेहतन का पैसा उन्हें समय पर दिया जाए। डबल इंजन सरकार जो कहती है, वह करती है। इसलिए हर क्षेत्र में परिवर्तन आया है।

मुख्यमंत्री आज जनपद मुजफ्फरनगर के शुकतीर्थ में आयोजित एक जनसभा में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद किया तथा ग्राम परिक्रमा यात्रा का शुभारम्भ किया। मुख्यमंत्री ने शुकतीर्थ स्थित शुकदेव आश्रम में स्वामी कल्याण देव की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा शुकदेव मन्दिर में पूजा-अर्चना की और प्राचीन वट वृक्ष की परिक्रमा की। कार्यक्रम के शुभारम्भ पर उन्होंने ट्रैक्टर एवं हल का पूजन भी किया।



मुख्यमंत्री ने कहा कि शुकतीर्थ सनातन हिन्दू धर्म का पवित्र तीर्थ स्थल है। आज से 05 हजार वर्ष पूर्व भगवान वेदव्यास के पुत्र महाराज शुकदेव ने यहीं पर श्रीमद् भागवत महापुराण की पहली कथा राजा परीक्षित को सुनायी थी। यह कथा जन्म और जीवन दोनों को धन्य करती है। शुकतीर्थ धाम जीवन के परम पुरुषार्थ को प्रदान करने वाला धाम है। प्रदेश सरकार ने आश्वासन दिया था कि माँ गंगा की धारा यहां से निकलेगी, वह आश्वासन डबल इंजन सरकार द्वारा पूरा किया जा चुका है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में लोगों को सुख और समृद्धि के साथ सुरक्षा का बेहतर माहौल मिला है। वर्ष 2017 से पूर्व प्रदेश में दंगे होते थे। मुजफ्फरनगर का दंगा कई महीनों तक चला था। प्रदेश में विगत 07 वर्षों में कहीं भी कोई दंगा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि प्रदेश की पहली कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश के 86 लाख किसानों का फसली ऋण माफ किया गया। निजी नलकूप चलाने वाले कृषकों का विद्युत बिल माफ करते हुए विगत वर्ष के बजट में 1500 करोड़ रुपये एवं वर्तमान बजट में 2400 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गयी है। सरकारी ट्यूबवेल के लिए 1100 करोड़ रुपये की व्यवस्था की है। पी0एम0 कुसुम योजना के अन्तर्गत राज्य में 50 हजार सोलर पम्प लगाने के लिए व्यवस्था की गयी है। सभी जनपदों में मोटे अनाज एवं प्राकृतिक खेती के लिए टेस्टिंग लैब के साथ-साथ उसकी पैकेजिंग की व्यवस्था की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्राम परिक्रमा यात्रा के अन्तर्गत जनप्रतिनिधिगण गांव-गांव जाकर अन्नदाता किसानों से संवाद बनाएंगे। जिन किसानों को डबल इंजन सरकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त हुआ है, उनकी सफलतम कहानी को जनता के सामने प्रस्तुत करेंगे। जो किसान योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह गए हैं, उनका तत्काल रजिस्ट्रेशन कराकर उन्हें आने वाले समय में 100 प्रतिशत सैचुरेशन के साथ लाभ पहुंचाया जाएगा। ग्राम परिक्रमा यात्रा 09 संकल्पों के साथ प्रारम्भ की जा रही है।

# पीएम मोदी करेंगे श्री कल्कि धाम का शिलान्यास

**सीएम योगी ने तैयारियों का किया जायजा**

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

संभल। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को एक दिवसीय दौरे पर संभल पहुंचे। यहां उन्होंने ऐंचोड़ा कंबोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आगामी 19 फरवरी को होने जा रहे श्री कल्कि धाम के शिलान्यास कार्यक्रम की तैयारियों को परखा। सीएम योगी ने कार्यक्रम स्थल का विस्तृत मुआयना किया और अधिकारियों को विभिन्न दिशा-निर्देश दिए। इसके उपरांत मुख्यमंत्री ने अधिकारियों संग समीक्षा बैठक भी की। संभल के ऐंचोड़ा कंबोह में श्री कल्कि धाम के शिलान्यास का कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर-कमलों से होने जा रहा है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने यहां पहुंचकर कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया है। सीएम ने कार्यक्रम स्थल, गर्भगृह, मंच और हेलीपैड का भी निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने आयोजन के लिए की जा रही सभी तैयारियों को समय से पूरा कराने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि आयोजन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद होनी चाहिए। समीक्षा बैठक में अफसरों ने मुख्यमंत्री को बताया कि शिलान्यास कार्यक्रम की तैयारियां तेज गति से पूरी की जा रही हैं। कार्यक्रम स्थल व आसपास के इलाके को समतल करा लिया गया है। साथ ही मिट्टी से गड्ढे भरवा लिए गए हैं। इसके अलावा छह हेलीपैड भी बनाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियो से गर्भगृह और वीवीआईपी सहित अन्य आगंतुकों के प्रवेश की जानकारी ली। सीएम योगी ने आगंतुकों खासकर संतों को किसी भी प्रकार की असुविधा ना होने के निर्देश अधिकारियों को दिये। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि ऐंचोड़ा कंबोह तक आने वाले सभी मार्गों पर सफाई व्यवस्था दुरूस्त कराई जाए। मार्गों को आकर्षक ढंग से सजाया जाए। साथ ही शौचालय और पानी के टैंकर की व्यवस्था की जाए। हेलीपैड को भी समय पर पूरा करा लिया जाए। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से अलर्ट रहे और एंबुलेंस की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### नागालैंड में 60,000 से अधिक छात्र बोर्ड परीक्षाएं देंगे

कोहिमा। पूर्वोत्तर राज्य के 68 केंद्रों पर इस साल कक्षा दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में 60000 से अधिक छात्र शामिल हो रहे हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार से शुरू हो रही यह परीक्षा छह मार्च तक चलेगी। नगालैंड के मुख्यमंत्री नेफियू रियो और उप मुख्यमंत्री वाई पैटन ने छात्रों को सोशल मीडिया मंच एक्स पर शुभकामनाएं दीं। रियो ने कहा , मैं आप सभी से आग्रह करता हूं कि कड़ी मेहनत से पढ़ाई करें, ध्यान केंद्रित रखें, आश्वस्त रहें और अपना सर्वश्रेष्ठ दें। आप सभी के अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता हूं और भगवान आपके प्रयासों को सफलता प्रदान करे। पैटन ने शुभकामनायें देते हुए कहा आपमें से प्रत्येक व्यक्ति आत्मविश्वास, शांति और स्पष्ट सोच के साथ परीक्षा दे। याद रखें कि सफलता केवल अंकों को लेकर नहीं है, बल्कि यह आपके द्वारा शुरू की गई विकास और सीखने की यात्रा है। नागा स्टूडेंट्स फेडरेशन और ईस्टर्न नगालैंड स्टूडेंट्स फेडरेशन सहित विभिन्न आदिवासी छात्र संगठनों ने भी विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

### इंफाल हवाईअड्डे पर 1.99 करोड़ रुपये के सोने के बिस्कुट जब्त, दो गिरफ्तार

इंफाल। इंफाल हवाईअड्डे पर सोमवार को 1.99 करोड़ रुपये मूल्य के सोने के 19 बिस्कुट जब्त किए गए हैं। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई है। इस सिलसिले में एक यात्री समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। बयान में कहा गया है सूचना के एक विश्वसनीय स्रोत के आधार पर तस्करी विरोधी इकाई, सीमा शुल्क प्रभाग इम्फाल के अधिकारी इम्फाल हवाई अड्डे के प्रस्थान टर्मिनल पर गए, जहां इंडिगो एयरलाइंस के सुरक्षा कर्मचारियों ने इंडिगो एयरलाइंस के एक यात्री और एक कोच चालक को कुछ अज्ञात अवैध सामग्री के साथ पकड़ा हुआ था। शुरूआत में, सोने के 10 बिस्कुट पाए गए जबकि नौ अन्य बाद में बरामद किए गए। आगे की जांच जारी है।

### सुशील मोदी ने राज्यसभा चुनाव उम्मीदवार नहीं बनाए जाने के बाद कहा- भाजपा के लिए काम करता रहूंगा

बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने रविवार को कहा कि वह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से तीन दशक के अपने जुड़ाव को महत्व देते हैं और पार्टी के लिए काम करते रहेंगे। सुशील कुमार मोदी (72) का राज्यसभा का कार्यकाल अगले महीने समाप्त हो जाएगा। उन्होंने राज्यसभा के आगामी द्विवार्षिक चुनाव के लिए भाजपा के उम्मीदवार घोषित किए गए डॉ. भीम सिंह और डॉ. धर्मशीला गुप्ता को बधाई देते हुए एक बयान जारी किया। उन्होंने कहा, बिहार में राज्यसभा चुनाव के लिए भाजपा उम्मीदवार बनाए जाने पर डॉ. भीम सिंह और श्रीमती डॉ. धर्मशीला गुप्ता को हार्दिक बधाई।

## आयुष्मान भारत योजना मेडिकल कॉलेज के विकास में मदद करेगी : उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

**नई दिल्ली,** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को कहा कि आयुष्मान भारत दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य योजना है, जो देश में मेडिकल एवं नर्सिंग कॉलेज और पैरामेडिकल संस्थानों के विकास में मदद करेगी। वह सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (जीएमसीएच) की आधारशिला रखने के लिए महाराष्ट्र के गोंदिया शहर में थे। उन्होंने कहा, एक समय था जब लोगों को छोटी-छोटी बीमारियों के इलाज के लिए भी विदेश जाना पड़ता था, लेकिन अब हमारे पास अपने देश में उन्नत चिकित्सा सुविधाएं हैं। हम 2047 के भारत की ओर बढ़ रहे हैं, जो स्वास्थ्य और वित्त के मोर्चे पर फिट होना चाहिए। उपराष्ट्रपति ने कहा कि आयुष्मान भारत दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य योजना है, जो मेडिकल और नर्सिंग कॉलेज, पैरामेडिकल संस्थानों तथा प्रयोगशालाओं के विकास में मदद करेगी। धनखड़ ने कहा, प्राचीन आयुर्वेद चिकित्सा व्यापक और गहन ज्ञान से युक्त है। इसके प्रचार-प्रसार की जरूरत है। उन्होंने कहा कि योग दुनिया को भारत का उपहार है और 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाता है। धनखड़ ने यह भी कहा कि सरकार दवाओं की कीमत पर प्रभावी ढंग से अंकुश लगाने के लिए कदम उठा रही है। इस अवसर पर महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और चिकित्सा शिक्षा मंत्री हसन मुशरिफ भी उपस्थित थे।

# प्राण प्रतिष्ठा समारोह में नहीं जाने वाले केजरीवाल अब पहुँचे रामलला के दरबार

एजेंसी

अयोध्या में 22 जनवरी को हुए प्राण प्रतिष्ठा समारोह में निमंत्रण दिये जाने के बावजूद नहीं जाने वाले दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आज अयोध्या पहुंचे। इस दौरान उनके साथ पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी मौजूद थे। अयोध्या में दोनों नेताओं ने नवनिर्मित श्रीराम मंदिर में भगवान श्री रामलला के दर्शन किए। केजरीवाल व मान के साथ उनके परिवार के सदस्य भी मौजूद थे। केजरीवाल व मान दोपहर करीब दो बजे अयोध्या हवाई अड्डे पहुंचे। दोनों नेताओं ने हवाई अड्डे पर एकत्र मीडियाकर्मियों से कोई बात नहीं की और राम जन्मभूमि की ओर चले गए। दोनों मुख्यमंत्रियों ने राम मंदिर में दर्शन किए। अरविंद केजरीवाल ने अपनी पत्नी सुनीता केजरीवाल और भगवंत मान ने अपनी पत्नी गुरप्रीत कौर और अपने परिवार के कुछ अन्य सदस्यों के साथ राम जन्मभूमि में श्री रामलला के दर्शन किए। दोनों ने राम मंदिर में करीब सवा घंटा बिताया।



दर्शन के बाद अरविंद केजरीवाल ने कहा, 'माता-पिता और अपनी धर्मपत्नी के साथ आज अयोध्या जी पहुंचकर श्रीराम मंदिर में रामलला जी के दिव्य दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।' केजरीवाल ने कहा, 'प्रभु श्री रामचंद्र जी सबका मंगल करें। जय श्री राम।' राम मंदिर में पूजा करने के बाद दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा, रामलला के दर्शन करने के बाद मुझे एक असीम शांति का अनुभव हुआ... हर दिन लाखों भक्त यहां दर्शन करने आते हैं। मैंने सभी के कल्याण के लिए प्रार्थना की। वहीं पंजाब के सीएम भगवंत मान ने कहा, आज रामलला के दर्शन हुए और यही प्रार्थना की कि देश की तरक्की हो, सुख-शांति रहे और सब में आपस में भाईचारा बना रहे। हम आपको याद दिला दें कि अयोध्या में गत 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नवनिर्मित राम मंदिर में भगवान श्री राम के बालक रूप 'श्री रामलला' की प्राण प्रतिष्ठा की गयी थी। तबसे श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के साथ-साथ विभिन्न राज्यों की राजनीतिक हस्तियों और प्रमुख लोगों का मंदिर आना लगा हुआ है।

# जम्मू कश्मीर में सुरक्षा संबंधी गतिविधियों के लिए 1,200 करोड़ रुपये से अधिक धनराशि आवंटित: सिन्हा

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को कहा कि अगले वित्त वर्ष में घुसपैठ रोधी ग्रिड को मजबूत करने के लिए 42 नयी सीमा पुलिस चौकियों के निर्माण समेत सुरक्षा संबंधी गतिविधियों के लिए 1,200 करोड़ रुपये से अधिक धनराशि आवंटित की गई है। सिन्हा यहां मीडिया को हाल ही में संसद द्वारा पारित वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 1.18 लाख करोड़ रुपये से अधिक के अंतरिम बजट की प्रमुख विशेषताओं के बारे में बता रहे थे। उन्होंने 2024-25 के लिए क्षेत्रवार प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सुरक्षा संबंधी गतिविधियों के लिए राजस्व व पूंजीगत व्यय के तहत 1,284.45 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है, जिसमें सीमावर्ती निवासियों के लिए 1,218 सामुदायिक और व्यक्तिगत भूमिगत बंकरों का निर्माण भी शामिल है। जम्मू विश्वविद्यालय में आयोजित एक अन्य कार्यक्रम में सिन्हा ने कहा कि विकास में महिलाओं को नेतृत्व प्रदान करना उनके प्रशासन का प्राथमिक उद्देश्य है। उपराज्यपाल ने शैक्षणिक संस्थानों और विभागों को विज्ञान और संबद्ध विषयों में महिलाओं की भागीदारी को और बढ़ाने के लिए नीतिगत हस्तक्षेप करने का निर्देश दिया।



## राजग में जाने से पहले जयंत को मशवरा करना चाहिए था:नरेश टिकैत

**नई दिल्ली,** राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में शामिल होने की खबरों के बीच भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के अध्यक्ष नरेश टिकैत ने रविवार को कहा कि यह फैसला लेने से पहले रालोद प्रमुख जयंत चौधरी को उन लोगों से चर्चा कर लेनी चाहिए थी जो तीन पीढ़ियों से उनसे जुड़े हैं। टिकैत ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा, राजनीति में दुश्मन कब दोस्त बन जाए, पता नहीं चलता। जयंत चौधरी की अपनी सोच है लेकिन उन्हें कम से कम उन लोगों से सलाह लेनी चाहिए थी जो तीन पीढ़ियों से उनके साथ हैं।

## सोनिया गांधी राजस्थान से हो सकती है कांग्रेस की राज्यसभा उम्मीदवार

**56 सीटों के लिए 27 फरवरी को होने वाले हैं चुनाव**

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

**नई दिल्ली,** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी राजस्थान से राज्यसभा चुनाव लड़ सकती हैं। वर्तमान में वह रायबरेली का प्रतिनिधित्व करने वाली लोकसभा सांसद के रूप में कार्य करती हैं। राज्यसभा सांसद अखिलेश प्रसाद सिंह को बिहार से कांग्रेस उम्मीदवार बनाया जा सकता है। सूत्रों ने कहा कि राज्यसभा चुनाव के लिए कांग्रेस द्वारा जिन अन्य नेताओं को मैदान में उतारा जा सकता है उनमें अभिषेक मनु सिंघवी और अजय माकन शामिल हैं। उम्मीद है कि कांग्रेस अगले एक से दो दिनों के भीतर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर देगी। 15 राज्यों की 56 सीटों के लिए राज्यसभा चुनाव 27 फरवरी को होने वाले हैं। नामांकन पत्र दाखिल करने की आखिरी तारीख 15 फरवरी है। गौरतलब है कि सोमवार को मध्य प्रदेश कांग्रेस इकाई ने पूर्व पार्टी प्रमुख सोनिया गांधी से राज्यसभा में राज्य का प्रतिनिधित्व करने की अपील की थी। इसी तरह, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने पिछले हफ्ते सोनिया गांधी से राज्य की खम्मम सीट से आगामी लोकसभा चुनाव लड़ने का आग्रह किया था।

# संतों की सभा में अयोध्या की तरह मथुरा और काशी को भी मुक्त करने का आह्वान किया गया

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

**नई दिल्ली,** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) द्वारा रविवार को यहां आयोजित संतों की एक सभा में अयोध्या की तरह मथुरा और काशी को मुक्त करने का आह्वान किया गया। यहां माघ मेले में एक सभा को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय संत समिति के महासचिव स्वामी जीतेंद्रानंद सरस्वती ने कहा, हमने तीन मंदिरों के बारे में बात की है। अगर मुस्लिम समुदाय काशी और मथुरा पर अपना दावा नहीं छोड़ता है, तो हम ध्वस्त किए गए सभी मंदिरों पर अपना दावा करेंगे...। उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद मुस्लिम समुदाय को काशी और मथुरा पर अपना दावा छोड़ देना चाहिए। प्रत्यक्ष तौर पर उनका इशारा वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर-ज्ञानवापी मस्जिद विवाद और मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मुद्दे की ओर था। जीतेंद्रानंद सरस्वती ने कहा, यहां लिया गया संकल्प कभी अधूरा नहीं रहता और आज हम सभी ने संकल्प लिया है कि अयोध्या की तरह हम मथुरा और काशी को भी मुक्त कराएंगे। विहिप नेता दिनेश ने कहा कि संगठन संतों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर काम करेगा और उनके मार्गदर्शन में भविष्य के कार्यक्रमों की योजना बनाएगा।



# नए भारत में हर जान कीमती, कतर से लौटे जवानों का अभिनंदन: अनुराग ठाकुर

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

**नई दिल्ली,** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने आज नौसेना के पूर्व अधिकारियों के कतर से सकुशल घर वापसी पर खुशी जाहिर की और इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का आभार प्रकट किया। पत्रकारों से वातालर्प करते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा, ₹नए भारत में हर भारतीय की जान बेशकीमती है। कतर से भारत लौटे देश के वीर जवानों का हार्दिक अभिनंदन। मोदी है तो, मुमकिन है। अनुराग ठाकुर ने कहा, ₹आज से 45 दिन पहले इन नौसेना के पूर्व अधिकारीयों की फांसी की सजा को उम्र कैद में बदला गया था। और आज इन सभी की सकुशल घर वापसी हुई है। इससे पहले भी ऑपरेशन गंगा चलाकर यूक्रेन से लगभग 27000 भारतीय छात्र-छात्राओं को सकुशल वापस भारत लाया गया था। आज दुनिया के किसी भी कोने में युद्ध हो या संकट आया हो, भारत के लोगों को सकुशल वापस निकाला जाता है। नेपाल में भूकंप हो या अफगानिस्तान में तालिबान का कब्जा हो हमने सभी भारतीयों को वहां से निकाला है। अफगानिस्तान से हजारों सिख परिवारों को मोदी सरकार ने सकुशल भारत लाया। गुरु ग्रंथ साहब को आदर पूर्वक वापस लाने हेतु विशेष विमान का प्रयोग किया गया। इससे पता चलता है कि पिछले 10 वर्षों में वैश्विक स्तर पर भारत का कितना मान सम्मान बढ़ा है। आज हमारी साख पहले से कहीं अधिक है। अनुराग ठाकुर ने जालंधर में बीएसएफ फ्रंटियर हेडक्वार्टर में आयोजित रोजगार मेले में 161 युवाओं को युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान करने के बाद पत्रकारों से वातालर्प करते हुए कहा, हर युवा को सम्मान, हर हाथ काम। युवाओं के उज्ज्वल भविष्य निर्माण के लिए मोदी सरकार सदैव समर्पित रही है। एक वर्ष के अंदर 10 लाख से ज्यादा सरकारी नौकरी के अपने वादे को पूरा करते हुए केंद्र की मोदी सरकार की ओर आज देश के 47 स्थानों पर रोजगार मेला के अन्तर्गत 1 लाख से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। रोजगार मेला के अन्तर्गत आज पंजाब के जलंधर में मुझे 161 युवाओं को नियुक्ति पत्र देकर उनके जीवन के इस महत्वपूर्ण क्षण का सहभागी बनने का सुअवसर मिला। रोजगार मेला के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी युवाओं को सशक्त बना रहे हैं। उनकी दूरदर्शी नेतृत्व के परिणाम स्वरूप आज 1 लाख से अधिक कुशल युवाओं को नियुक्ति पत्र मिलने से युवा आकांक्षाओं को बल मिलेगा। युवाओं को सशक्त बनाना व देश को प्रगति की ओर ले जाना यही मोदी की गारंटी है। भारत की प्रगति को नयी ऊंचाइयों तक ले जाना युवा शक्ति की जिम्मेदारी है ।



# हीरालाल यादव ग्रुप ऑफ कालेजेज का स्थापना दिवस एवं वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया

## कार्यक्रम का शुभारंभ समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह द्वारा किया गया

**अमन लेखनी समाचार**

**लखनऊ** । हीरालाल यादव ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के स्थापना दिवस एवं वार्षिकोत्सव का आयोजन अत्यन्त हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि शिवपाल सिंह यादव राष्ट्रीय महासचिव, स0पा0 एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री, उ0प्र0 एवं विशिष्ट अतिथियों में प्रो0 डॉ0 सुधीर कुमार क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, लखनऊ, देवीपाटन एवं अयोध्या मण्डल, डी0जी0 सिंह संस्थापक प्रबन्धक, न्यू पब्लिक ग्रुप ऑफ स्कूल एण्ड कालेजेज, कर्नल राजेश राघव प्रधानाचार्य, कै0 मनोज पाण्डेय यू0पी0 सैनिक स्कूल, जय सिंह जयन्त जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी, महाविद्यालय के संस्थापक प्रबन्धक श्याम किशोर यादव , चेयरमैन राम सिंह यादव, योगेन्द्र सचान संस्थापक प्रबन्धक, क्रियेटिव कान्वेन्ट स्कूल, लखनऊ प्रबन्ध निदेशक इं0 अनुराग, प्रो0 ए0 पी0 सिंह प्राचार्य पी0जी0 कालेज द्वारा द्वीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया।

कार्यक्रम का आरम्भ सरस्वती वन्दना प्रस्तुत कर बालिका इण्टर कालेज की छात्राओं द्वारा किया गया। इसी क्रम में पब्लिक स्कूल, सरोजनी नगर शाखा के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए कला संकाय की छात्राओं द्वारा राजस्थान की कला एवं संस्कृति के विभिन्न रूपों को लोकनृत्य के द्वारा प्रस्तुत किया गया । ये सिलसिला यहीं नहीं रूका डी0एल0एड0 की छात्राओं द्वारा ह्यभोजपुरीह्य लोकनृत्य की प्रस्तुति हुई। पब्लिक स्कूल, बेंती के नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा जन-जन के मन में बसे पुरूषोत्तम राम के जीवन की अविस्मरणीय प्रस्तुति की गयी। तदुपरान्त चेयरमैन राम सिंह यादव ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि आज हम सब अपने महाविद्यालय के स्थापना दिवस एवं वार्षिकोत्सव समारोह के अवसर पर एकत्रित हुए है। यह हमारे संस्थान के लिए बेहद महत्वपूर्ण एवं गौरवपूर्ण क्षण है। इस सुनहरे अवसर पर आप सबको सम्बोधित करने का अवसर पाकर मैं स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूँ। बाबू जी आज हमारे बीच चिन्मय रूप से उपस्थित होकर हमें अवश्य








आशीर्वाद प्रदान कर रहे होंगे।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में पब्लिक स्कूल द्वारा ह्यमहाभारतह्य पर आधारित ह्यलघुनाटिकाह्य प्रस्तुत की गयी। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए अत्यन्त गम्भीर विषय- ह्यकन्या भ्रूण हत्याह्य जैसी समस्या को हीरालाल यादव लॉ कालेज के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया गया। बी0कॉम0/एम0कॉम0 की छात्राओं द्वारा पंजाबी लोकनृत्य की प्रस्तुति हुई। देशभक्ति की भावना प्रदर्शित करते हुए बालिका इण्टर कालेज की छात्राओं द्वारा देशभक्ति नृत्य प्रस्तुत किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 ( डॉ0 ) ए0पी0 सिंह ने गौरवमयी वार्षिक प्रगति आख्या 2022-23 प्रस्तुत की। पब्लिक स्कूल, सरोजनी नगर की छात्राओं द्वारा अत्यन्त मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम त्री-देवी का मंचन किया गया।

वार्षिकोत्सव समारोह में मुख्य अतिथि शिवपाल सिंह यादव , विशिष्ट अतिथि प्रो0 ( डॉ0 ) सुधीर कुमार, डी0जी0 सिंह, चेयरमैन राम सिंह यादव द्वारा मेधावी छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। महाविद्यालय के विभिन्न संकायो में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं में क्रमशः बी0ए0 की प्रज्ञा गोयल (84.03 प्रतिशत), एम0ए0 (समाजशास्त्र) की मिर्जा आमरीन बेग (76.46 प्रतिशत), बी0एड0 की वैष्णवी रस्तोगी (77.11 प्रतिशत), बी0कॉम0 की मुस्कान दीवान, आकाक्षाँ विमल (79.68 प्रतिशत), एम0कॉम0 की रिशिता सिंह (74.75 प्रतिशत), बी0एससी0 की एमन निशा (80 प्रतिशत), डी0एल0एड0 की शैलजा वर्मा (92 प्रतिशत), मेमोरियल ट्रस्ट के बी0ए0 से विवेक सिंह यादव (73.86 प्रतिशत), हीरालाल यादव लॉ कालेज, सरोजनी नगर के एलएल0बी0 (त्रिवर्षीय) की फातिमा जोरा हसन (76.28 प्रतिशत) एवं एलएल0बी0 (पंचवर्षीय) की कोमल अवस्थी (74.80 प्रतिशत), हीरालाल लॉ कालेज, बेंती की शिवानी श्रीवास्तव (71.90 प्रतिशत) को पदक एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इसी क्रम में हीरालाल यादव बालिका इण्टर कालेज की हाईस्कूल यू0पी0 बोर्ड टॉपर शिवानी (93.66 प्रतिशत), इण्टरमीडियट यू0पी0 बोर्ड टॉपर श्रद्धा तिवारी (93 प्रतिशत) एवं पब्लिक स्कूल, बेंती, सरोजनी नगर के हाईस्कूल सी0बी0एस0ई0 बोर्ड टॉपर आयुष यादव (97 प्रतिशत) इण्टरमीडियट सी0बी0एस0ई0 बोर्ड टॉपर प्राची वर्मा (95.02 प्रतिशत) को साईकिल, मैडल एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। हीरालाल यादव पब्लिक स्कूल, बेंती, सरोजनी नगर लखनऊ से 13 छात्र-छात्राओं का चयन सैनिक स्कूल एवं 14 छात्र-छात्राओं का चयन राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल में हुआ है उन सभी को सम्मानित किया।

शिक्षा संकाय द्वारा गुजराती लोकनृत्य की मनोहारी प्रस्तुति हुई। इण्टर कालेज की छात्राओं द्वारा महिला सशक्तीकरण पर आधारित नाटक प्रस्तुत किया गया। विज्ञान संकाय की छात्राओं द्वारा पाश्चात्य शैली पर आधारित समूह नृत्य प्रस्तुत किया। मन को अध्यात्म की ओर ले जाने वाला गीत पब्लिक स्कूल, सरोजनी नगर द्वारा प्रस्तुत किया गया। बी0एससी0 (एजी0) के छात्र-छात्राओं द्वारा समूह नृत्य की प्रस्तुति की गयी। फाल्गुन आने वाला है, जिसका उत्साह लोगो के मन में अभी से दिखाई देने लगा है, इसी की मनोहारी प्रस्तुति हीरालाल यादव बालिका इण्टर कालेज की छात्राओं द्वारा समूह नृत्य के रूप में प्रस्तुत किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में सभी शाखाओं के प्राचार्य/प्राचार्या एवं प्रधानाचार्यों में प्रो0 ( डॉ0 ) ए0पी0 सिंह (प्राचार्य, पी0जी0 कालेज), डॉ0 संजीव कुमार (प्राचार्य, हीरालाल यादव लॉ कालेज), संजीव कुमार, डॉ0 चित्रा त्रिपाठी (प्राचार्या, हीरालाल यादव मेमोरियल ट्रस्ट ऑफ एजूकेशन), प्रतिभा पाण्डेय (प्रधानाचार्या बालिका इण्टर कालेज), पूनम श्रीवास्तव (प्रधानाचार्या, हीरालाल यादव पब्लिक स्कूल, सरोजनी नगर), सुनीता यादव (प्रधानाचार्या, हीरालाल यादव पब्लिक स्कूल, बेंती), शिवानी यादव (प्रभारी, हीरालाल यादव प्राइमरी सेक्शन) उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम के अन्त में बालिका इण्टर कालेज की प्रधानाचार्या प्रतिभा पाण्डेय के द्वारा आभार एवं धन्यवाद ज्ञापन किया गया। कार्यक्रम में हीरालाल समूह के विविध संस्थाओं के सभी पदाधिकारी, शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ0 रति अवस्थी (असि0प्रो0, कला संकाय) एवं सलोनी छाबड़ा (असि0प्रो0, हीरालाल यादव लॉ कालेज) के द्वारा किया गया।

# टीबी मुक्त भारत का सपना साकार करने को आगे आयें चिकित्सक : प्रमुख सचिव

**प्रदेश के 31 मेडिकल कालेजों के चिकित्सकों के लिए तीन दिवसीय राज्यस्तरीय प्रशिक्षण की शुरूआत**

**प्रमुख सचिव ने कहा– केजीएमयू से टीबी में प्रशिक्षित चिकित्सक जिलों में चिकित्सकों को करें प्रशिक्षित**

**केजीएमयू करेगा प्रदेश के मेडिकल कालेजों के प्रशिक्षण का नेतृत्व : डा. सोनिया नित्यानन्द, कुलपति**

**डा. सूर्यकान्त ने चिकित्सकों को क्षय उन्मूलन के बताये पांच मंत्र – टीबी का इलाज, टीचिंग और ट्रेनिंग, रिसर्च, जागरूकता एवं एडवोकेसी**

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) में सोमवार को राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के तहत तीन दिवसीय राज्यस्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत हुई। कार्यक्रम में प्रदेश के 31 प्राइवेट मेडिकल कालेज के चिकित्सक प्रतिनिधि टीबी के बारे में सम्पूर्ण जानकारी का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि पार्थ सारथी सेन शर्मा, प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा केजीएमयू की कुलपति डा. सोनिया नित्यानन्द ने किया। इस अवसर पर भारत सरकार के राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के उपमहानिदेशक स्वास्थ्य मंत्रालय भारत सरकार डा. राजेन्द्र पी जोशी ने वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से चिकित्सकों को प्रशिक्षण के पश्चात समाज में जागरूकता फैलाने तथा टीबी पर रिसर्च करने पर जोर दिया। उद्घाटन कार्यक्रम में उत्तर भारत के नौ राज्यों की टीबी उन्मूलन टास्क फोर्स के चेयरमैन डा. सूर्यकान्त, उप्र के स्टेट टीबी आफिसर डा. शैलेन्द्र भट्नागर, उप्र के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य महानिदेशक डा. ब्रजेश राठौर तथा उप्र के क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के स्टेट टास्क फोर्स चेयरमैन, आगरा मेडिकल कालेज के डा. गजेन्द्र विक्रम सिंह उपस्थित रहे। इस मौके पर मुख्य अतिथि पार्थ सारथी सेन शर्मा ने प्रतिभागियों से अपेक्षा की कि प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात मास्टर ट्रेनर के रूप में अपने-अपने मेडिकल कालेज के सभी चिकित्सकों, चिकित्सा कर्मियों, चिकित्सा छात्रों के अतिरिक्त अपने जिले के सभी सरकारी एवं प्राइवेट चिकित्सालयों को राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम की गाइडलाइंस के बारे में प्रशिक्षित करेंगे तथा टीबी की शुरूआत होने पर ही पहचान की जा सके इसका प्रयास करेंगे। टीबी की शुरूआत होने पर ही पहचान हो जाने पर रोगी जल्दी स्वस्थ हो सकेगा तथा अन्य लोगों को टीबी नहीं फैला सकेगा। इस तरह टीबी मुक्त भारत के सपने को साकार करने को चिकित्सक आगे आयें । केजीएमयू की कुलपति डा. सोनिया नित्यानन्द ने प्रमुख सचिव को विश्वास दिलाया कि केजीएमयू प्रदेश के समस्त मेडिकल कालेजों के चिकित्सकों को टीबी के बारे में सम्पूर्ण प्रशिक्षण प्रदान करेगा एवं उप्र को टीबी मुक्त बनाने में पूर्ण सहयोग करेगा। डा. सूर्यकान्त ने सभी चिकित्सक प्रतिभागियों को प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान में पूरा सहयोग देने के लिए पांच मंत्रों का जिक्र किया- टीबी का इलाज, टीचिंग और ट्रेनिंग, रिसर्च, जागरूकता एवं एडवोकेसी। इन पांच मंत्रों से प्रधानमंत्री के टीबी मुक्त भारत के सपने को साकार करने में चिकित्सकों का बहुमूल्य योगदान होगा। डा. सूर्यकान्त ने यह भी बताया कि रेस्परेटरी मेडिसिन विभाग को इन्टरनेशनल यूनियन अगेन्स्ट टीबी एंड लंग डिजीजेस (यूनियन), विश्व स्वास्थ्य संगठन तथा भारत सरकार द्वारा ड्रग रेजीस्टेन्ट टीबी के लिए सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स चुना है (पूरे भारत में पाँच में से एक) जिससे केजीएमयू व उत्तर प्रदेश को क्षय उन्मूलन के क्षेत्र में अन्तरराष्ट्रीय पहचान मिली है। ड्रग रेजीस्टेन्ट टीबी (जटिल टीबी) के समाधान के लिए पूरे उत्तर प्रदेश में केजीएमयू प्रदेश के 24 नोडल ड्रग रेजीस्टेन्ट टीबी सेन्टर तथा समस्त 67 मेडिकल कालेज एवं 75 जिलों में ₹हब और स्पोक₹ माडल के आधार पर कार्य योजना बना रहा है। स्टेट टीबी ऑफिसर डा. शैलेन्द्र भटनागर ने बताया कि वर्ष 2023 में उत्तर प्रदेश ने टीबी रोगियों की लक्ष्य से अधिक पहचान कर ली है। उद्घाटन के पश्चात तीन दिवसीय प्रशिक्षण के पहले दिन साधारण टीबी, बच्चों की टीबी, टीबी की डायग्नोसिस जैसे विषयों पर प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विश्व स्वास्थ्य संगठन के नेशनल प्रोग्राम आफिसर डा. मलिक परमार, अहमदाबाद के टीबी के नेशनल एक्सपर्ट डा. राजेश सोलंकी, दिल्ली से डा. हार्दिक सोलंकी व यूनियन से डा. मीरा भाटिया उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त केजीएमयू के बाल रोग विभाग से डा. सारिका गुप्ता, माइक्रोबायलोजी विभाग से डा. पारूल जैन, गोरखपुर से डा. अश्विनी मिश्रा, प्रयागराज से डा. अमिताभ, रेस्परेटरी मेडिसिन विभाग के सभी चिकित्सक, विश्व स्वास्थ्य संगठन के टीबी परामर्शदाता तथा टीबी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओ ने भी प्रतिभाग किया।

# प्रधानमंत्री की अगुवाई में भारत अमृत काल में पहुंच गया : सतपाल रावत

**अमन लेखनी समाचार**

सरोजनीनगर लखनऊ। सरोजनीनगर के बिजनौर स्थित सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र में सोमवार को प्रधानमंत्री के मिशन रोजगार मेला -12 के तहत बेरोजगार युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मध्य सेक्टर महानिरीक्षक सतपाल रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री की अगुवाई में भारत अमृत काल में पहुंच गया है। प्रधानमंत्री द्वारा यह रोजगार मेला भारत के नौजवान बेटी और बेटी के लिए एक पावन अवसर है। उन्होंने मौजूद नौजवानों से कहा कि उन्हें जिस क्षेत्र में काम करना है, उस क्षेत्र में खुद को स्थापित करना होगा। उन्होंने कहा कि 14 से 30 वर्ष की अवस्था बहुत नाजुक होती है। यदि इस अवस्था में मजबूती से खड़ा रहा जाए तो कोई कुछ




नहीं बिगाड़ सकता। उन्होंने गलत संगत से दूर रहने की भी सलाह दी। साथ ही कहा कि जिस विभाग के संस्थान में नियुक्ति हो, वहां सच्ची वफादारी के साथ कर्तव्यों का निर्वहन करने के अलावा राष्ट्र के लिए समर्पित रहें। इसके अलावा उन्होंने अनुशासित होकर देश के लिए काम करने के साथ एक राष्ट्र श्रेष्ठ राष्ट्र के कर्तव्य पथ पर चलकर देश को विकसित राष्ट्र बनाने में सहयोग प्रदान करने की भी सलाह दी। इस दौरान मध्य सेक्टर महानिदेशक सतपाल रावत के अलावा सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र के शशि प्रकाश सिंह सहित 17 कार्यालयों से आए हुए विभागाध्यक्षों, उनके प्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों के सामने प्रधानमंत्री के वर्चुअल संबोधन को सुना गया। कार्यक्रम में मिशन रोजगार मेला के तहत 800 से अधिक युवाओं और युवतियों को देश के विभिन्न मंत्रालयों में अलग-अलग संस्थानों के लिए नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। वहीं रोजगार मेले में नियुक्ति पत्र पाकर अभ्यर्थी फूले नहीं समाए और उन्होंने सरकार का आभार प्रकट किया।

# चौधरी अजीत सिंह की जयंती प्रेरणा दिवस के रूप में मनाई गई

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ । राष्ट्रीय लोकदल के संस्थापक व पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी अजित सिंह का 85 वीं जयन्ती पूरे प्रदेश में किसान प्रेरणा दिवस के रूप में मनाई गयी। इस अवसर पर प्रदेश के सभी जनपदों में पुष्पांजलि सभाएं, विचार गोष्ठियां, अस्पतालों में फल वितरण आदि कार्यक्रम आयोजित किये गये। प्रदेश मुख्यालय में चौधरी अजित सिंह की जयन्ती पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने की तथा संचालन संचालन प्रदेश प्रवक्ता अंकुर सक्सेना ने किया। इस अवसर पर रालोद के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे व पूर्व विधायक शिव करन सिंह ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किये। विचार गोष्ठी को सम्बोधित करते हुये राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने कहा कि चौधरी अजित सिंह 8 बार लोकसभा




व राज्यसभा के सदस्य तथा 4 बार भारत सरकार के मंत्री रहे हैं। उनको जनता का दर्द समझने की ताकत विरासत में प्राप्त थी, उन्होंने किसानों को उनकी राजनैतिक ताकत का अहसास कराया था। चौधरी साहब ग्रामीण विकास के केंद्रीय मॉडल के प्रमुख वकील थे। उन्हें भारतीय राजनीति में एक कुशल वक्ता, किसानों व वंचित वर्ग को उनका हक दिलाने वाले एक संघर्षषील राजनेता के रूप में सदैव याद किया जायेगा। उनके लिए सिर्फ इतना ही कहा जा सकता है ह्लगा सका न कोई उनके कद का अंदाजा, वो आसमां थे मगर सर झुकाये चलते थेह्व।

पूर्व विधायक शिव करन सिंह ने चौधरी साहब को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि चौधरी अजित सिंह ने चीनी मिलों की दूरी 25 किमी से घटाकर 15 किमी करने का कार्य किया जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ। राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा ने चौधरी साहब से प्रेरणा लेने की बात कही और यह भी कहा कि उनके आदर्शों पर चलकर प्रदेश और देश को खुशहाल बनाया जा सकता है। विचार गोष्ठी को उपरोक्त के अतिरिक्त राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य डॉ0 सुरेश यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष वसीम हैदर, प्रदेश महासचिव संतोष यादव मनोज सिंह चौहान, रजनीकांत मिश्रा, आर0पी0 सिंह चौहान, व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल व कोषाध्यक्ष बी0एल0 प्रेमी, प्रदेश महासचिव के0जी0 वर्मा, छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष अमन पांडेय, प्रदेश महासचिव रमावती तिवारी, प्रीति श्रीवास्तव, एम0ए0 आरिफ, महानगर अध्यक्ष चंद्रकांत अवस्थी, जिलाध्यक्ष रामसेवक रावत, प्रदेश सचिव अफसर अली, प्रमोद शुक्ला, राजेश मौर्या, अशोक तिवारी, महेश पाल धनगर, रमेश कश्यप, हरकेश कुमार, संतोष कुमार, अजय पाण्डेय, संजय कुमार पाठक, शैलेन्द्र शर्मा ने भी सम्बोधित कर चैधरी साहब को याद किया और उन्हें अपनी पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर युवा रालोद द्वारा झलकारी बाई महिला चिकित्सालय में आयोजित कार्यक्रम में मरीजों व तीमारदारों व गरीबों को फल वितरण किया गया जिसमें रालोद की प्रदेष महासचिव रमावती तिवारी, प्रदेष कोषाध्यक्ष बी0एल0 प्रेमी, युवा रालोद के प्रदेष महासचिव बिपिन द्विवेदी, ;ऋषभ गुप्ता, मुकेष कुमार वर्मा आदि ने वितरण कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# हिमांशू हत्याकांड के फरार आरोपी को पुलिस ने भेजा सलाखों के पीछे

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। माल पुलिस की सक्रियता से सोमवार को एक फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जो करीब एक महीने से फरार चल रहा था। विगत पिछले महीने माल थाना क्षेत्र के गांगन गांव निवासी मृतक हिमांशु पांच जनवरी की शाम सामान खरीदने की बात कह कर घर से निकला था. जिसका शव बीकेटी अंतर्गत मंझी घाट पुल के गोमती नदी में उतराता मिला था ।मृतक की पत्नी द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर के माध्यम से बताया गया था कि पति हिमांशू के चचेरे भाई सर्वेश की पत्नी रामकुमारी से बलराम तथा अंजनी के अवैध सम्बन्ध थे ।जिसका हिमांशू विरोध किया करते थे अवैध सम्बन्धों में बाधा बने हिमांशू को सर्वेश की पत्नी




राजकुमारी ने बीरपाल, अंजनी , बलराम तथा दीपक उर्फ शेरा के साथ साजिश रच कर हत्या करवा दी है. पुलिस ने तहरीर के आधार पर महिला सहित पांच लोगों के विरुद्ध साजिश रच कर हत्या करने तथा शव छुपाने तथा दलित उत्पीड़न की धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया था पुलिस ने पहले ही तीन को गिरफ्तार कर भेज चुकी है जेल. हिमांशु की हत्या करने के आरोप में विगत नौ जनवरी को वीरपाल, अंजनी व दीपक को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है.जिसमें बलराम यादव निवासी ग्राम रामपुर मजरा मसीढ़ा रतन फरार चल रहा था जिसको मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार त्रिपाठी मय पुलिस बल वरिष्ठ उप निरीक्षक प्रभात कुमार शुक्ला, आरक्षी रजत कौशिक,पंकज कुमार के साथ नबीपनाह नहर पुलिया से एक डाले के साथ गिरफ्तार किया डाला एमवी एक्ट मोटर अधिनियम के तहत सीज कर विधिक कार्यवाही की गई।

# जमीन पर जबरन कब्जा और पैमाइश में अड़ंगा डालने का महिला ने लगाया आरोप,रिपोर्ट दर्ज

**अमन लेखनी समाचार**

सरोजनीनगर लखनऊ। चौक के खुनखुन जी रोड निवासी सुनीता यादव ने सरोजनीनगर के गौरी गांव निवासी छेदीलाल व दो-तीन अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ जमीन पर जबरन कब्जा और पैमाइश में अड़ंगा डालने के प्रयास की सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सुनीता का कहना है कि गौरी स्थित गाटा संख्या - 767, रकबा 14 विश्वा आम की बाग की वह सह खातेदार है। उन्होंने 3 जून 2023 को जमीन की पैमाइश के लिए प्रार्थना पत्र दिया था। जिस पर न्यायालय द्वारा तहसीलदार से आख्या मांगी गई। इस आख्या के लिए राजस्व निरीक्षक अनिल कुमार ओझा, क्षेत्रीय लेखपाल सहित मय टीम के साथ मौके पर गए। जहां छेदीलाल ने अपने दो-तीन अज्ञात साथियों के साथ मिलकर जबरन पैमाइश का कार्य रुकवा दिया। आरोप है कि कब्जा करने की नियत से दो-तीन दिन पूर्व चुपके से भूमि की जुताई भी करवा दी। इसकी जानकारी 7 फरवरी को तब हुई जब सुनीता का बेटा अनुराग अपराह्न करीब 3 बजे वहां पैमाइश करवाने पहुंचा। आरोप है कि जमीन की जुताई देख जब अनुराग ने छेदीलाल से इस संबंध में बात की, तो वह गाली गलौज करते हुए मारपीट पर उतारू हो गया और एससी /एसटी एक्ट में फर्जी तरीके फसाने की धमकी दी। साथ ही दोबारा जमीन पर आने पर जान से मारने की भी धमकी दी। फिलहाल इस मामले में पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

# नगर पंचायत चेयरमैन व प्रतिनिधि समर्थको संग आज भाजपा में होगे शामिल

**मोहनलालगंज में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचकर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व केन्द्रीय राज्यमंत्री करायेगे भाजपा में शामिल**

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ ।मोहनलालगंज नगर पंचायत के चेयरमैन राजेश रावत व उनके प्रतिनिधि अजय पांडे उर्फ सत्यम अपने चार सौ के करीब समर्थको के साथ आज भाजपा में शामिल होगे। चेयरमैन व प्रतिनिधि समेत उनके समर्थको को मोहनलालगंज कस्बे में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केन्द्रीय राज्यमंत्री व स्थानीय सासंद कौशल किशोर व भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष त्रयम्बक त्रिपाठी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराकर विधिवत भाजपा में



शामिल करायेगे ।इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा विधायक अमरेश कुमार रावत व जिलाध्यक्ष विनय प्रताप सिंह समेत भाजपा के कई नेता मौजूद रहेगें ।उक्त जानकारी चेयरमैन प्रतिनिधि अजय पांडे उर्फ सत्यम ने दी ।ज्ञात हो मोहनलालगंज नगर पंचायत के चुनाव में व्यापार मंडल अध्यक्ष अजय पाडें उर्फ सत्यम ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपने मुंशी राजेश रावत को मैदान में उतारकर भाजपा,सपा,बसपा के दिग्गज प्रत्याशियों को करारी शिकस्त देकर रिकार्ड मतो से जीत हासिल की थी ।जिसके बाद से ही चेयरमैन समेत उनके प्रतिनिध के समर्थको संग भाजपा में शामिल होने के कायस लगाये जा रहे थे।

## संक्षेप

### हत्या के आरोपी को सुनाया गया आजीवन कारावास व अर्थदंड की सजा

सुमेरपुर, उन्नाव।हत्या के आरोपी युवक को कोर्ट ने सुनाई आजीवन कारावास की सजा व लगाया 45 हजार रुपए का अर्थदंड थाना बिहार क्षेत्र सुलतानपुर निवासी केशनपाल पुत्र सूरज पाल पासी पर लगभग 6 वर्ष पूर्व हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमे पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था विचाराधीन कैदी पर सोमवार को न्यायालय एडीजी कोर्ट ने युवक को आजीवन कारावास की सजा व 45 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया

### युवक ने निगला जहरीला पदार्थ, हुई मौत

उन्नाव ।हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के इस्माइलाबाद गांव के रहने वाले किसान की सोमवार सुबह जहरीला पदार्थ निगलने से मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।मौत को लेकर परिजन भी कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दे सके।पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में जहर निगलने से मौत होने की पुष्टि हुई है। डॉक्टर ने जांच के लिए विसरा सुरक्षित कराया है। हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के इस्माइलाबाद गांव के रहने वाले भईयालाल सोमवार सुबह खेत पर गए थे। घर पहुंचने पर बीस वर्षीय बेटे संदीप रावत को उल्टियां करता देखा तो पूछताछ की। पता चला कि उसने कोई जहरीला पदार्थ निगल लिया है। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई है। परिजनों को बुला कर आनन फानन उसे सीएचसी लेकर पहुंचा। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक संदीप किसानी के साथ लखनऊ व गांव में मजदूरी करता था। मां राज दुलारी की दो माह पहले बीमारी से मौत हो गई थी। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई।मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की है। मौत को लेकर विवाहित बहन राज कुमारी उर्फ कुंवारा देवी और भाईयों में प्रकाश, प्रदीप व सोनू तथा पिता भईयालाल रो-रोकर बेहाल थे।रिक्शा चला कर पिता परिवार का भरण पोषण करता है।

### संदिग्ध हालत में किसान का फंदे से लटका मिला शव

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र के शाहपुर सिंधौरा गांव के रहने वाले किसान का रविवार शाम संदिग्ध हालत में घर के कमरे में फंदे पर शव लटका मिला।घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।शाहपुर सिंधौरा गांव के रहने वाले अड़तालीस वर्षीय टूडी खेती किसानी कर परिवार का भरण पोषण करता था।खेत पर गए परिजन घर आए तो उसका शव फंदे पर लटकता देख सन्न रह गए। रोने चिल्लाने पर आसपास के लोगों को घटना की जानकारी हुई तो भीड़ एकत्र हो गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की है।मौत का कारण परिजन भी स्पष्ट नहीं कर सके। मौत को लेकर पत्नी सरला व बेटा अनुज और दो बेटियां पुष्पा तथा छोटी सीमा रो रोकर आहत होती रही।22 अप्रैल को बड़ी बेटी पुष्पा की शादी है।

# अंत्येष्टि स्थल का कार्य किया गया चालू



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गंगाघाट क्षेत्र की मिश्रा कॉलोनी स्थित शमशान घाट पर एक साल से अधिक समय से अंत्येष्टि स्थल का कार्य बंद पड़ा था ठेकेदार की लापरवाही से अंतेष्टि करने वालों को परेशानी उठानी पड़ रही थी नगर पालिका प्रशासन की पहल पर ठेकेदार ने कार्य शुरू कर दिया है अगले माह तक का पूरा करने की डेडलाइन दी गई है मिश्रा कॉलोनी में शमशान घाट का सुंदरीकरण का काम शुरू हो गया है सीढीयो की जगह पर मिट्टी भरने का काम शुरू कर दिया गया है अधिशासी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा व अवर अभियंता घनश्याम मौर्य ने बताया कि अंत्येष्टि स्थल पर अंतिम संस्कार करने वाले लोगों के लिए तमाम प्रकार की सुविधा मुहिया करने के लिए सुंदरीकरण कराया जा रहा है जिसमें टीनसेट जो पिलर के साथ लगाए जाएंगे फर्श पर इंटरलॉकिंग होगी शव के स्नान करने का प्लेटफार्म बनेगा जबकि जलाने के लिए अलग प्लेटफार्म बनाया जाएगा उन्होंने बताया कि अगले महीने तक कार्य पूरा कर लिया जाएगा यह सुंदरीकरण का कार्य 42 लाख की लागत से होना है बीच में धन अभाव के कारण कार्य संस्था ने काम रोक दिया था अब कार्य लगातार कराया जाएगा आगामी कुछ दिनों में मौसम में परिवर्तन होगा तो गर्मी बढ़ेगी उस दौरान घाट पर आने वाले लोगों के लिए छाया की व्यवस्था नहीं होगी इसके पहले ही सारे इंतजाम किए जा रहे हैं जिससे अंतिम संस्कार में पहुंचने वाले लोगों को परेशानी न हो और वह सहूलियत के साथ इसमें शामिल हो सके।


# अनियंत्रित स्कार्पियो ने मासूम को मारी टक्कर, मौत



अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। तेज रफ्तार स्कार्पियो ने मासूम बच्चे को दो बार जोरदार सीधी टक्कर मारी जिससे छ वर्षीय बच्चे ने मौके पर ही दम तोड दिया और स्कार्पियो गाड़ी भाग निकली।वहीं घटना से गुस्साए लोगों ने पुरवा अचलगंज मार्ग जाम कर दिया। नगर के मोहल्ला तोपखाना निवासी शकील का छह वर्षीय पुत्र आदिल सोमवार दोपहर घर से कुछ सामान लेने दुकान गया था।जहां दुकान से सामान लेकर पुरवा-अचलगंज मार्ग को पार कर रहा था।तभी स्कार्पियो सवार ने दो बार जोरदार टक्कर मार दी। जिससे आदिल की मौके पर ही मौत हो गई। और गाड़ी लेकर चालक फरार हो गया। वहीं बच्चे की मौत से गुस्साए परिजनों ने मार्ग पर जाम लगा दिया। जहां जाम की सूचना मिलते ही पहुंची कोतवाली पुलिस ने काफी प्रयास किया लेकिन जाम नहीं खुलवा सकी। जब मामले की जानकारी क्षेत्राधिकारी सोनम सिंह को हुई तो तुरंत मौके पर पहुंची और परिजनों को ढांढस बंधाते हुए परिवार को समझा बुझाकर शांत करा कार्यवाही का आश्वासन दिया।वहीं सीओ के आश्वासन के बाद परिजन माने और जाम खुल सका। तब जाकर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा हैं।वहीं पिता शकील ने बताया कि आदिल इकलौता पुत्र था।जबकि तीन पुत्रियों में शबनम, शहनाज, गुननाज हैं। जहां आदिल की मौत से पिता शकील, मां शाहीन, व अन्य परिजनों का रो रोकर हाल बेहाल रहा।इस संबंध में क्षेत्राधिकारी सोनम सिंह ने बताया कि परिजनों की शिकायती पत्र पर अज्ञात चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की जा रही है।


# फांसी लगाकर युवक अपनी जीवन लीला की समाप्त



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के हुसेन नगर पट्टी परशुराम गांव में एक व्यक्ति ने घर के अन्दर साड़ी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों की सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हुसेननगर पट्टी परशुराम गांव के रहने वाले श्रीपाल का बेटा राजकुमार उर्फ नन्हकू ने घरेलू परेशानियों से परेशान होकर घर के अन्दर धन्नी में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।घरवालों को जब जानकारी हुई तो कोहराम मच गया। परिजनों की सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# पशुपालकों को श्वेत क्रांति के बढ़ते कदम पर की बैठक



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। नवाबगंज क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत जैतीपुर में सरस्वती नंदन दीक्षित आनंदा डेरी पर आनंदा डेरी उद्योग ने पशु पालकों की बैठक बुलाई पशु पालकों की बैठक में पहुंचे एन सी सी मैनेजर राजीव कुमार ने बताया आनंदा डेरी की स्थापना वर्ष 1989 मे बुलंदशहर से सियाना फैक्ट्री से 15 नवम्बर को हुई थी जिसे उत्तर प्रदेश में ही नहीं भारत में नाम कमाया जिससे जुड़कर आज लाखों लोग प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्राप्त कर रहें हैं आज आनंदा डेरी में लगभग 12 लाख लीटर दूध से 72 तरह की खाद्य पदार्थों का उत्पादन किया जा रहा है। आय के की बात करें तो 2000 करोड़ का लगभग है ।वहीं आनंदा डेरी पशुओं के चारे व दवाइयां भी पशु पालकों को सस्ते दामों में बना कर उपलब्ध करा रहा है और पशु पालकों को दूध का उचित मूल्य समय पर देते हुए बोनस भी दे रही है। व किसान पशु पालकों की बैठक बुला कर किसानों पशु पालकों को पशुओं के पालन व समय पर कीड़ों की दवा व संतुलित आहार के बारे में विस्तार पूर्वक बताया ।मौसम के हिसाब से रख रखाव व उम्दा नस्ल के जानवरों की पैदावार की जानकारी दी और दिव्याँश शुक्ला ने अपने विचार व्यक्त किए जिसमे प्रमुख रूप से रामपाल,रामखेलावन, सुरेश दीक्षित,बाबुली, शिवशंकर सविता, रामचन्द्र सविता,रामसेवक मिश्रा, उमाशंकर मिश्रा,रिंकू,अनुज, धर्मेन्द्र,दिलीप गंगासागर, राजेश ,राजू, रामकुमार, रवी,सर्वेश,सुशील, सुमेर,विजय,विनय,सुनीता सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## जल जीवन मिशन के अंतर्गत हरौलीपुर एवं पत्यौरा डांडा ग्राम समूह पेयजल योजना की डीएम ने की समीक्षा

### जल जीवन मिशन के कार्यो को युद्ध स्तर पर पूर्ण करने के निर्देश

अमन लेखनी समाचार/उमेश दीक्षित

हमीरपुर।बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि हरौलीपुर एवं पट्योरा डाडा ग्राम समूह पेयजल योजनाओं के अंतर्गत विभिन्न कंपोनेंट में शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण कर इसके समयबद्ध ढंग से संचालन सुनिश्चित कराया जाए।पाइपलाइन डालने के पश्चात टेस्टिंग कार्य पूर्ण हो जाने के पश्चात क्षतिग्रस्त सड़कों का समय से पुनर्निर्माण किया जाए। क्षतिग्रस्त सड़कों के पुनर्निर्माण हो जाने के पश्चात हर घर जल प्रमाणन का कार्य तेजी के साथ किया जाए। सभी संबंधित गाँवो में शत प्रतिशत डोर टू डोर पेयजल कनेक्शन उपलब्ध कराए जाएं।जिन गांवों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत सभी कार्य पूर्ण हो गए हैं वहां पर रोस्टर के अनुसार पेयजल सप्लाई की जाए।जिलाधिकारी ने कहा कि जल जीवन मिशन के कार्यों के सुचारू ढंग से संपादन हेतु पर्याप्त मैन पावर की व्यवस्था रखी जाए।योजना के अंतर्गत सभी कार्य निर्धारित मानक के अनुसार पूर्ण किए जाएं ।उन्होंने कहा कि आईएसए के अंतर्गत जल जीवन मिशन के बारे में लोगों को जागरूक किया जाए तथा जल संरक्षण के बारे में प्रोत्साहित किया जाए ।जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को अवशेष कार्य को पूर्ण कर जल्द से जल्द पेयजल की सप्लाई का लाभ ग्रामीणों को दिलाने के निर्देश दिये।जिलाधिकारी ने पाइप पेयजल योजना के अन्तर्गत खुदी हुई सड़के छोड़ने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए,कहा कि किसी भी दशा में खुदी हुई सड़के न छोड़ी जाए, उनको तत्काल दुरूस्त कराया जाए, ताकि आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के द्दष्टिगत खोदी गयी सड़को के कारण आम नागरिकों को असुविधा का सामना न करना पड़े।साथ ही जिलाधिकारी ने संबंधित ठेकेदारों को कड़ी चेतावनी देते कहा कि अगर कोई ठेकेदार द्वारा खोदी गयी सड़क के कारण चुनाव प्रभावित होता है तों संबंधित ठेकेदार के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

# विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव ।हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के तेगापुर गांव में एक विवाहिता की तबीयत बिगड़ने से संदिग्ध हालत में रविवार को मौत हो गई थी।जानकारी पर पुलिस ने जांच बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था।पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया था।पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट न होने पर डॉक्टर ने जांच के लिए विसरा सुरक्षित कराया था। परिजनों ने सोमवार शव को गांव स्थित खेत में अंतिम संस्कार कर दिया है।

हसनगंज थाना क्षेत्र के तेगापुर गांव के रहने वाले चंद्र ने अपनी बीस वर्षीय बेटी रूबी की शादी 5 मई 2023 को थाना क्षेत्र के जिंदासपुर गांव निवासी अमित रावत पुत्र मुनेश्वर के साथ की थी। अमित रावत पत्नी रूबी को लेकर परिवार के साथ बीते माह कुरूक्षेत्र चला गया था। जहां उसकी हालत बिगड़ गई।जानकारी होने पर पिता चंद्र कुरुक्षेत्र जाकर बेटी रुबी को घर ले आया था।तब से उसका इलाज करवा रहा था।रविवार सुबह हालत बिगड़ने पर उसे सीएचसी लेकर पहुंचा।जहां डॉक्टर ने प्राथमिक इलाज के बाद हालत नाजुक देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। जानकारी पर पुलिस ने जांच के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट न होने पर डॉक्टर ने जांच के लिए विसरा सुरक्षित कराया गया है। सोमवार परिजनों से शव का अंतिम संस्कार किया गया है। इंस्पेक्टर राजेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि परिजनों ने अभी कोई तहरीर नहीं दी है।पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# बेतवा नदी में नहाते समय डूबा युवक, तलाश जारी



अमन लेखनी समाचार/शिवम सिंह

कुरारा, हमीरपुर ।थाना क्षेत्र के बेरी ग्राम पंचायत के मजरा बिंदपुरी में दोस्त की शादी के बाद मामा के यहां आए साथी की देर शाम बेतवा नदी में स्नान करने के दौरान डूब गया ।उसका अभी तक पता नहीं चल सका है। पुलिस गोताखोर व ग्रामीणों के सहयोग से खोजबीन कर रही है। लेकिन अभी तक पता नहीं चल पाया है। जनपद जालौन के उमरी गांव निवासी दीपक की शादी सात फरवरी को हुई थी।

कल दीपक के परिवार के लोग नववधू को लेकर बेरी ग्राम पंचायत के मजरा बिंद पुरी दीपक की ननिहाल में मे ग्यारह बजे दोपहर में आए थे।उनके साथ दूल्हा दीपक का दोस्त उरई शहर के अजनारी हाई रोड निवासी धीरेंद्र नामदेव पुत्र मूलचंद्र नामदेव अपने आधा दर्जन साथियों के साथ बिंद पुरी गांव आया था। बिंदपुरी के समीप बेतवा नदी में स्नान करने के लिए कल ढाई बजे करीब अपने साथियों के साथ गया तथा नदी में नहाने लगे तथा जलधारा में आगे जाने पर तीन युवक नदी में गहराई में डूबने लगे ।बाहर खड़े युवकों ने शोर मचाना शुरू कर दिया।शोर सुनकर पास में ही सब्जी की बारी में कार्य कर रहे गांव निवासी रामपाल जल्दी से अपनी नाव लेकर वहां पहुंचा और पानी में डूब रहे कुठौंदा जालौन निवासी रंजीत पुत्र रविंद्र, नूर पुर गांव आटा थाना क्षेत्र के जलाराम पुत्र रामसेवक वर्मा को डूबने से बचाया तथा नाव में बैठाकर पानी के बाहर किया ।तथा तीसरे साथी धीरेंद्र को खोजने का प्रयास किया ।लेकिन सफलता नहीं मिली ।तब उसके घर परिजनो को घटना की जानकारी दी ।तथा चौकी इंचार्ज बेरी संगमलाल प्रजापति जानकारी मिलते ही वह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे तथा थाना प्रभारी योगेश तिवारी भी मौके पर पहुंचे तथा गोताखोरों की मदद से डूबने वाले की खोजबीन करते रहे ।तथा देर रात तक पता नहीं चल सका। मौके पर पहुंचे परिजनो का रोकर बुरा हाल है ।उसको खोजबीन करने के लिए थाना पुलिस लगातार प्रयास कर रही है। इस घटना से मामा के यहां देवी पूजा के कार्यक्रम स्थगित किया गया ।तथा दोस्त के नदी में डूब जाने से शोक का माहौल व्याप्त है।

# अज्ञात महिला का मिला शव, मचा हड़कंप



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के त्रिभुवन खेड़ा गांव के पास सोमवार दोपहर अज्ञात महिला का शव क्षेत्रीय लोगों ने देखा तो हड़कंप मच गया। आनन-फानन घटना की जानकारी गंगाघाट पुलिस को दी गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शिनाख्त कराने का प्रयास किया। फील्ड यूनिट और डॉग स्क्वायड की टीम ने मौके पहुंचकर जांच की है। वहीं शव देखकर दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका जतायी जा रही है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है

जानकारी के मुताबिक गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के त्रिभुवन खेड़ा गांव के पास सड़क के किनारे हो रही प्लाटिंग के पास सोमवार दोपहर 32 वर्षीय अज्ञात महिला का शव पड़ा होने से हड़कंप मच गया।शव मिलने की सूचना पर आस पास के लोगों की भीड़ एकत्र हो गयी।मृतका के शरीर में चोटों के निशान भी दिख रहे है और नाक से खून निकल रहा था।मौजूद लोगों ने दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका जताते हुए गंगाघाट पुलिस को सूचना दी। सूचना पर जाजमऊ चौकी पुलिस मौके पर पहुंची।इसके बाद कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति भी पुलिस कर्मियों के साथ पहुंचे और उन्होंने जांच पड़ताल कर आलाधिकारियों को अवगत कराया। जिसके बाद आस पास के लोगों को बुलाकर उसकी शिनाख्त कराने का प्रयास किया गया लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी।पुलिस ने शव को उन्नाव मच्युर्री में रखवाया है। मृतका ने पीले रंग की साड़ी, गुलाबी और काले रंग का स्वेटर, कान में तीन बाली, पैर में दो-दो बिछिया, जूती, बैंगनी मोजे व शव के पास काले रंग का स्टाल पड़ा था।कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति ने बताया कि शव को उन्नाव मच्युर्री में रखवा दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का सही कारण पता चल सकेगा। सोशल मीडिया के माध्यम से शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है।

## मां महेश्वरी यज्ञ एवम जागरण भेंडी धाम का हुआ उद्घाटन समारोह



अमन लेखनी समाचार/उमेश दीक्षित

हमीरपुर ।जनपद हमीरपुर के मां महेश्वरी यज्ञ एवं जागरण भेडी धाम का उद्घाटन भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष सुनील पाठक एवं हाल ही में भाजपा में शामिल हुए दुष्यंत सिंह परिहार के द्वारा उद्घाटन किया गया जिसमें इस पवित्र स्थान पर यज्ञ कार्यक्रम आयोजित किया गया है जहां पर हजारों श्रद्धालु पहुंचकर अपनी अर्जी लगाकर माताजी से आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं इस सिद्ध स्थान पर आसपास के आम जनमानस का मानना है कि जो भी मां महेश्वरी धाम पहुंचता है उनकी सभी प्रकार की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं इस कार्यक्रम के उद्घाटन में जिला अध्यक्ष सुनील पाठक ने माता जी के मंदिर में पहुंचकर माथा टेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया इसी प्रकार भाजपा के दुष्यंत सिंह परिहार ने इस उद्घाटन कार्यक्रम में पहुंचकर माताजी से आशीर्वाद प्राप्त कर लोगों से अपील की कि यह कार्यक्रम ऐसे ही हर वर्ष होता रहे और हम सभी बराबर सहयोग करते रहें।

# सांसद बहराइच अक्षयवर लाल गोंड ने किया अमृत फामेर्सी का शुभारम्भ



अमन लेखनी समाचार

बहराइच। महाराजा सुहेल देव स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के महर्षि बालार्क चिकित्सालय में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार की अनोखी पहल के अन्तर्गत स्थापित अमृत फामेर्सी का मुख्य अतिथि सांसद बहराइच अक्षयवर लाल गोंड ने जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह, एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, विधायक सदर अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि शिवम जायसवाल, भाजपा पदाधिकारी रणविजय सिंह, मेडिकल कालेज के प्राचार्य डॉ. संजय खत्री व सीएमएस डॉ. एम.एम.एम. पाण्डेय व अन्य के साथ शिलालेख का अनावरण किया तथा फीता काटकर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर सांसद श्री गोंड ने अन्य अतिथियों के साथ फामेर्सी का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।सांसद श्री गोंड ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि अमृत फामेर्सी की स्थापना से मेडिकल कालेज आने वाले मरीजों को 60 प्रतिशत तक कम मूल्य पर दवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष, एमएलसी, भाजपा जिलाध्यक्ष, पार्टी पदाधिकारी रणविजय सिंह व शिवम जायसवाल ने भी सम्बोधित करते हुए अमृत फामेर्सी की स्थापना के लिए केन्द्र सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के अन्त मेडिकल कालेज के प्राचार्य ने अमृत फामेर्सी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अतिथियों के प्रति आभार ज्ञापित किया।कार्यक्रम का संचालन चिकित्सालय प्रबन्धक रिजवान ने किया।

चिंतन

## पांच शख्सियतों को एक ही वर्ष 'भारत रत्न' सम्मान

किसानों के मसीहा के रूप में मशहूर पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, पूर्व पीएम व भारत में आर्थिक सुधार के आर्किटेक्ट पीवी नरसिम्हा राव और मशहूर वैज्ञानिक व देश में हरित क्रांति के जनक डॉ. एमएस स्वामीनाथन को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' (मरणोपरांत) से सम्मानित किया जाएगा। इससे पहले बिहार के पूर्व सीएम व समाजवादी नेता जननायक कर्पूरी ठाकुर व भाजपा के दिग्गज नेता व पूर्व उप प्रधानमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने का ऐलान किया गया था। वर्ष 2024 के लिए पांच लोगों को भारत रत्न सम्मान दिया जाएगा। इनमें चार को मरणोपरांत यह सम्मान मिलेगा। यह किसी एक वर्ष में अब तक सर्वाधिक है। इससे पहले वर्ष 1999 में किसी एक वर्ष में चार लोगों को भारत रत्न दिया गया था। वर्ष 2024 से पहले तक 48 लोगों को भारत रत्न सम्मान दिया जा चुका है, वर्ष 2024 के नामों को जोड़ दिया जाय तो भारत रत्न की संख्या 53 हो जाएगी। वर्ष 1947 में आजादी के बाद के 7 साल बाद भारत रत्न सम्मान की शुरुआत हुई थी। वर्ष 1954 में पहली बार चक्रवर्ती राजगोपालाचारी, डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन और डॉ सीवी रमन को इस सम्मान से नवाजा गया था। इस सम्मान को प्राप्त करने वालों की सूची में भारत के पूर्व राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, उप-प्रधानमंत्री, वैज्ञानिक, राजनीतिक नेता, उद्यमी, शिक्षक और कलाकार समेत कई लोग शामिल हैं। सम्मान में किसी प्रकार की कोई आर्थिक राशि नहीं दी जाती। इसमें राष्ट्रपति द्वारा साइन किया हुआ एक सर्टिफिकेट दिया जाता है और एक मेडल दिया जाता है। यह सिर्फ एक सम्मान है किसी प्रकार की कोई उपाधि नहीं है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 18 (1) के तहत कोई भी व्यक्ति इस सम्मान को हासिल करने के बाद उसे अपने नाम के साथ उपसर्ग या प्रत्यय के रूप में इस्तेमाल नहीं कर सकता है, हालांकि अपने विजिटिंग कार्ड या लेटर हेड पर 'भारत रत्न प्राप्तकर्ता या भारत रत्न सम्मानित' लिखवा जा सकता है। इसमें कोई दोराय नहीं कि भारत रत्न उन शख्सियतों को मिला है, जिन्होंने अपने अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय काम किया है, लेकिन वर्ष 2024 के नामों पर अगर गौर किया जाय तो इसमें सम्मान भी है और राजनीति भी है। पांचों नाम निश्चित रूप से सत्ताधारी भाजपा के राजनीतिक फलक को विस्तार देंगे। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जाट नेता और 1979-80 में प्रधानमंत्री रहे चरण सिंह ऐसे समय में कांग्रेस विरोधी राजनीति के धुरी के रूप में उभरे थे, जब देश भर में उसका वर्चस्व था। चौधरी चरण सिंह ने किसानों के अधिकार और उनके कल्याण के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया था। कांग्रेस नेता राव 1991-96 तक देश के प्रधानमंत्री रहे और उन्हें आर्थिक सुधारों के लिए जाना जाता है। वर्ष 1991 में तत्कालीन वित्त मंत्री डा. मनमोहन सिंह के साथ नरसिम्हा राव ने भारत में आर्थिक उदारीकरण की नींव रखी, जिसके दम पर आज भारत विकसित भारत बनने की राह पर है। एक प्रतिष्ठित विद्वान और राजनेता के रूप में नरसिम्हा राव ने विभिन्न पदों पर रहते हुए भारत की व्यापक सेवा की। डॉ. स्वामीनाथन दुनिया के ख्याति लब्ध कृषि वैज्ञानिक थे। उन्होंने भारत में हरित क्रांति का नेतृत्व किया, आज भारत अगर खाद्यान्न में आतमनिर्भर है तो, इसमें स्वामीनाथन का अहम योगदान है। हालांकि मौजूदा सरकार स्वामीनाथन की सिफारिश के मुताबिक किसानों की दशा में सुधार नहीं ला सकी है, पर प्रयास जा रही है।

छत्तीसगढ़ बजट

अरविंद कुमार मिश्र



## आदिवासी कल्याण पर जोर

कुछ महीने पहले छत्तीसगढ़ में गठित विष्णुदेव साय सरकार ने 9 फरवरी को अपना पहला बजट पेश किया। आगामी लोकसभा चुनाव से पहले इस बजट को काफी अहम माना जा रहा है। विधानसभा चुनाव 2023 में भाजपा ने मोदी की गारंटी के नाम पर वोट मांगा था। जनता ने कांग्रेस की भूपेश सरकार को हटाकर भाजपा को प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता की बागडोर सौंपी। आईएएस की सेवा से त्यागपत्र देकर सियासत की दुनिया में कदम रखकर वित्त मंत्री बने ओपी चौधरी द्वारा पेश बजट में मोदी की गारंटी और आदिवासी वोटबैंक दोनों की झलक है। विष्णु सरकार ने कैबिनेट की पहली बैठक में ही 18 लाख लंबित घरों के निर्माण को मंजूरी दे दी थी। इसके लिए बजट में 8 हजार 369 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। मोदी की दूसरी गारंटी के अंतर्गत महतारी वंदन योजना का क्रियान्वयन 1 मार्च 2024 से शुरू होगा। इसमें पात्र महिलाओं को 12 हजार रुपये का वार्षिक भूगतान किया जाएगा। एक धान के लंबित बोनस की गारंटी को पूरा करने के लिए 10 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। 25 दिसंबर 2023 को 12 लाख से अधिक किसानों को 3 हजार 716 करोड़ रूपये का लंबित धान बोनस प्रदान किया जा चुका है।

बस्तर-सरगुजा की ओर देखो नीति पर आगे बढ़ते हुए राज्य सरकार बस्तर सरगुजा में कनेक्टिविटी बढ़ाने का प्रयास कर रही है। यहां इको टूरिज्म और नेचुरोपैथी को बढ़ावा देने की घोषणा की गई है। राज्य के सबसे अधिक आदिवासी बहुल इस क्षेत्र में लघुवनोपज और फूड प्रोसेसिंग को बढ़ावा दिया जाएगा। छत्तीसगढ़ मेंतेंदुपत्ता आदिवासियों की आजीविका का एक बड़ा स्रोत है। राज्य के पहले मुख्यमंत्री बने विष्णु देव साय की सरकार ने तेंदुपत्ता संग्राहकों को प्रति मानक बोरा 5 हजार 500 करोड़ रूपये संग्रहण शुल्क तय किया है। इसी तरह चरणपादुका योजना के लिए 35 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, इस योजना के जरिए तेंदुपत्ता संग्राहकों को चरण पादुकाएंमुहैया कराई जाती है। राज्य में लगभग 32 प्रतिशत जनसंख्या आदिवासियों की है। विष्णुदेव सरकार ने 2023-24 के बजट के जरिए गोंड़, ऊरांव,कमार, पहाड़ी कोरवा, बिरहोर, बैगा, कंवर,कोया, धुरवा, हल्बा, अबुझमाड़िया समेत लगभग पचास जनजातियों के बीच राज्य सरकार विभिन्न योजनाओं की पहुंच बढ़ा रही है। भूमिहीन मजदूरों को 10 हजार रूपये की वार्षिक सहायता देने के लिए दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर योजना लागू की जाएगी। राज्य के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने आर्थिक विकास के दस बिन्दु तय किए हैं। इनमें तकनीक आधारित रिफॉर्म, प्राकृतिक संसाधनों का उचित इस्तेमाल, सेवा क्षेत्र में नई संभावनाओं का विकास, निजी निवेश को बढ़ावा, बस्तर की ओर देखो, छत्तीसगढ़ी संस्कृति का विकास एवं योजना का क्रियान्वयन प्रमुख है। आदिम भाषाओं के विकास के लिए राज्य में आदिम भाषा परिषद का गठन होगा। गोंड़ी भाषा के अनुवाद के लिए 2 करोड़ रुपये से अधिक राशि का आवंटन किया गया है।छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार के गठन के 2 महीने में ही विष्णु सरकार ने 1.8 लाख से अधिक गरीब परिवारों को निशुल्क आवास, किसानों को धान का बकाया बोनस और 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान की खरीदी समेत महतारी वंदन योजना का वचन पूरा कर दिया है। गरीब परिवारों को निःशुल्क राशन हो या नल कनेक्शन इन योजनाओं का प्राथमिक लाभार्थियों में अविकसित जनजातियां भी शामिल हैं। विगत दस वर्ष में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने वनवासी समाज को उसके अधिकार और सम्मान देने के अनेक उपक्रम किए हैं। आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को अलंकृत करने के लिए भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष 15 नवंबर को गौरव दिवस के रूप में आयोजित करने का निर्णय राष्ट्रवाद की अलख जगाने वाला है। इससे आदिवासी समाज के नायकों के प्रति राष्ट्र की कृतज्ञता ज्ञापित होती है।

छत्तीसगढ़ में वनधन योजना के अंतर्गत बहुउद्देश्यी केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों में जहां खाद्य प्रसंस्करण को बढ़ावा दिया जाता है वहीं महिला स्वसहायता समूह समर्थन मूल्य पर संग्राहक से उत्पाद खरीदी करती हैं।



अर्थव्यवस्था

सतीश सिंह

## महंगाई से बाधित हो रही ग्रोथ

रिजर्व बैंक ने लगातार छठी बार रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर यथावत रखने का फैसला किया है। इसके पीछे कारण महंगाई की उच्च दर को बताया है। हाल के आंकड़ों में महंगाई बढ़ी है। महंगाई के कारण देश में निवेश का प्रतिशत कम हो जाता है, क्योंकि इससे पैसे की कीमत कम हो जाती है। वस्तु एवं सेवा दोनों की कीमतों में इजाफा होता है, जिससे व्यक्ति की खरीदारी क्षमता कम हो जाती है और वस्तुओं एवं सेवाओं की मांग घट जाती है। फिर, उनकी बिक्री कम होती है, उनके उत्पादन में कमी आती है, कंपनी को घाटा होता है,कामगारों की छंटनी होती है, रोजगार सृजन में कमी आती है आदि। महंगाई की वजह से जीडीपी वृद्धि दर पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

महंगाई में उछाल की स्थिति बनी हुई होने के कारण 8 फरवरी को पेश की गई मौद्रिक समीक्षा में भारतीय रिजर्व बैंक ने लगातार छठी बार रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर यथावत रखने का फैसला किया है। इसके पहले 8 फरवरी 2023 को रेपो दर को 6.25 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत किया गया था, ताकि महंगाई को नियंत्रण में रखा जा सके। चूँकि, विगत 12 महीनों से महंगाई उच्च स्तर पर बनी हुई है, इसलिए,रेपो दर को भी पिछले 12 महीनों से 6.5 प्रतिशत पर यथावत रखा गया है। रेपो दर में लंबे समय तक वृद्धि नहीं करने का इतिहास भी रहा है। 2008 की आर्थिक मंदी के समय 10 महीनों तक रेपो दर 6.5 प्रतिशतकी दर पर बरकरार रहा था। 2013 के कर्ज संकट के समय भी रेपो दर 7.85 प्रतिशत के स्तर पर 8 महीनों तक यथावत रहा था। फिर, 2020 में कोरोना काल के समय में भी रेपो दर 4 प्रतिशत के स्तर पर 25 महीनों तक यथावत रहा था।

2020 में 27 मार्च को रेपो दर 4.4 प्रतिशत था, जबकि 22 मई को इसे घटाकर 4 प्रतिशत कर दिया गया था, ताकि कोरोना महामारी की नकारात्मक स्थिति से बाहर निकलने के लिए विकास की गति को तेज किया जा सके। 2022 में 3 मई को रेपो दर 4.4 प्रतिशत था, जिसे 8 जून को बढाकर 4.9 प्रतिशत किया गया। 5 अगस्त को पुनः इसे बढ़ाकर 5.4 प्रतिशत कर दिया गया, 30 सितंबर को फिर से इसे बढ़ाकर 5.9 प्रतिशत किया गया और 7 दिसंबर को एक बार और इसमें वृद्धि की गई, जिससे यह 6.25 प्रतिशत के स्तर पर आ गया। पुनश्चः 8 फरवरी, 2023 को इसे बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया गया। 2022 के दौरान लगातार रेपो दर में इसलिए वृद्धि की गई, ताकि महंगाई को काबू में रखा जा सके।

रिजर्व बैंक ने 8 फरवरी 2024 को रेपो दर को 6.50 प्रतिशत पर यथावत रखा है और उम्मीद है कि केंद्रीय बैंक अप्रैल और जून 2024 की मौद्रिक समीक्षा में भी रेपो दर को यथावत रखेगा, क्योंकि अभी भी महंगाई उच्च स्तर पर बना हुआ है। हालांकि, अगस्त 2024 की मौद्रिक समीक्षा में नीतिगत दरों में कटौती की जा सकती है,क्योंकि तब तक महंगाई में कुछ नरमी आ सकती है। बावजूद इसके, यह मानसून की सकारात्मक चाल, फेडरल रिजर्व बैंक द्वारा अपनाई गई नीति, राजस्व संग्रह की स्थिति आदि पर निर्भर करेगा।

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अनुसार उपभोकता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति दिसंबर 2023 में बढ़कर 5.69 प्रतिशत के स्तर पर पहुँच गई, जो नवंबर 2023 में 5.5 प्रतिशत थी, अक्तूबर में 4.87 प्रतिशत, सितंबर में 5.02 प्रतिशत और जुलाई में 7.44 प्रतिशत थी। हालांकि,यह भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित सहनशीलता सीमा, जो 4 प्रतिशत से 2 प्रतिशत अधिक या 2 प्रतिशत कम है, के अंदर है। फिर भी, इस दर को तेज विकास के लिए कतई उत्साहजनक नहीं माना जा सकता है, थोक महंगाई सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) भी दिसंबर में बढ़कर 0.73प रतिशत के स्तर पर पहुंच गया,जो पिछले 9 महीने का उच्चतम स्तर है। मार्च महीने में थोक महंगाई दर 1.34 प्रतिशत रही थी, जो नवंबर में 0.26 प्रतिशत और अक्टूबर में माइनस 0.52 प्रतिशत थी।

किसी की क्रय शक्ति को निर्धारित करने में मुद्रास्फीति



की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उदाहरण के लिए, यदि महंगाई दर 10 प्रतिशत है, तो अर्जित किए गए 100 रुपये का मूल्य सिर्फ 90 रुपये होगा। गौरतलब है कि महंगाई के कारण देश में निवेश का प्रतिशत कम हो जाता है, क्योंकि इससे पैसे की कीमत कम हो जाती है। मुद्रास्फीति बढ़ने पर वस्तु एवं सेवा दोनों की कीमतों में इजाफा होता है, जिससे व्यक्ति की खरीदारी क्षमता कम हो जाती है और वस्तुओं एवं सेवाओं की मांग घट जाती है। फिर,उनकी बिक्री कम होती है, उनके उत्पादन में कमी आती है, कंपनी को घाटा होता है,कामगारों की छंटनी होती है, रोजगार सृजन में कमी आती है आदि।


भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान महंगाई के 5.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 में महंगाई के 4.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है, वहीं, सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के वित्त वर्ष 2023.24 में 7 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया है, जबकि केंद्रीय बैंक ने इस अवधि में जीडीपी के 6.7 प्रतिशत रहने का अनुमान पहले जताया था। भारत में आर्थिक मानकों के तय करने के पैमाने दुनिया के दूसरे देशों से थोड़े अलग हैं, इसलिए, भारत में मुद्रास्फीति केंद्रीय बैंक द्वारा तय की गई सहनशीलता के अंदर रहने के बावजूद मध्यम स्तर पर है। अस्तु,भारतीय रिजर्व बैंक ने मौद्रिक समीक्षा में रेपो दर को यथावत रखने फैसला लिया है। वैसे,महंगाई को लेकर केंद्रीय बैंक बहुत ज्यादा संवेदनशील है और वह महंगाई और विकास दर के बीच संतुलन बनाकर अर्थव्यवस्था को मजबूत रखना चाहता है।

वित्त वर्ष 2024-25 में राजस्व संग्रह में बढ़ोतरी हुई है और आगामी महीनों में भी कर और गैर कर राजस्व संग्रह में तेजी आने की संभावना है। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह भी विगत 6 महीनों से लगातार 1.5 लाख करोड़ रुपये से ऊपर के स्तर पर बना हुआ है। इसलिए, माना जा रहा है कि वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान सरकार उधारी कम ले सकता है, जिसे राजकोषीय घाटे में कमी आने की संभावना है।

रिजर्व बैंक मुख्य तौर पर रेपो दर में बढ़ोतरी करके महंगाई से लड़ने की कोशिश करता है। जब रेपो दर अधिक होता है तो बैंकों को रिजर्व बैंक से महंगी दर पर कर्ज मिलता है, जिसके कारण बैंक भी ग्राहकों को महंगी दर पर कर्ज देते हैं। ऐसा करने से अर्थव्यवस्था में मुद्रा की तरलता कम हो जाती है और लोगों की जेब में पैसे नहीं होने की वजह से वस्तुओं की मांग में कमी आती है. वस्तुओं व उत्पादों की कीमत अधिक होने के कारण इनकी बिक्री में भी कमी आती है, जिससे महंगाई में गिरावट दर्ज की जाती है। इसी तरह अर्थव्यवस्था में नरमी रहने पर विकासात्मक कार्यों में तेजी लाने के लिए बाजार में मुद्रा की तरलता बढ़ाने की कोशिश की जाती है और इसके लिए भी रेपो दर में कटौती की जाती है, ताकि बैंकों को रिजर्व बैंक से सस्ती दर पर कर्ज मिले और सस्ती दर पर कर्ज मिलने के बाद बैंक भी ग्राहकों को सस्ती दर पर कर्ज दे। जिससे विकास को गति मिले।

महंगाई की वजह से जीडीपी वृद्धि दर पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, लेकिन बीते कुछ महीनों से उधारी ब्याज दर के उच्च स्तर पर बने रहने के बावजूद भी ऋण वितरण में तेजी आ रही है और विकास दर की रफ्तार भी तेज बनी हुई है। वैसे, ऐसी स्थिति अपवाद वाली है। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी इक्रा के अनुसार वर्ष दर वर्ष के आधार पर बैंकों का ऋण वृद्धि दर दिसंबर 2023 में 16.5 प्रतिशत रहा, जिसके वित्त वर्ष 2024-25 में 12 से 13 प्रतिशत रहने का अनुमान है। अभी रिजर्व बैंक का लक्ष्य विकास और महंगाई के बीच संतुलन बनाकर विकास की गति को तेज करना है,ताकि आम आदमी को भी परेशानी न हो और विकास की रफ्तार भी सकारात्मक बनी रहे। लेकिन उच्च महंगाई विकास को बाधित कर रही है।

## संपूर्ण ब्रह्मांड है शिव जी का रूप




संकलित

दर्शन

जिस क्षण आपका तन अस्तित्व में आया, यह मात्र एक कोशिका के रूप में था। एक कोशिका आपका पूरा शरीर बन गई। उस कोशिका को ठीक-ठीक ज्ञात था कि आंखें कहां बनानी हैं, कान कहां बनाने हैं, गुर्दे कहां होने चाहिए, हृदय कहां होना चाहिए और एक कोशिका ने स्वयं को कई अलग-अलग ढंग से गुणित किया, जैसे कि नाखून, केश, जिह्वा, मांसपेशियां, अस्थियां और शरीर के अन्य सभी अंग। क्या कभी आपने इस बारे में सोचा है? एक कोशिका ने बहुगुणित होकर मानव शरीर के इतने सारे अंग बनाए। मानव शरीर एक है, फिर भी यह अपनी प्रकृति और बनावट में बहुत विविधता पूर्ण है। विविधता में यह एकता संपूर्ण सृष्टि में भी नजर आती है। संपूर्ण सृष्टि में सूर्य, चंद्रमा, तारे, वायु, बादल, जल, पृथ्वी एक ही पदार्थ से बने हैं। हर वस्तु एक तत्व से बनी है। उस एक तत्व को शिव कहा जाता है, जिसकी हम श्रावण के इस शुभ महीने में पूजा करते हैं। शिव तत्व के बारे में बात करना बहुत कठिन है क्योंकि इसे केवल महसूस किया जा सकता है। शब्द बहुत निकट जाते हैं लेकिन वापस लौट आते हैं। क्या शिव कोई सत्ता है? क्या उसका कोई रूप है? क्या वह किसी स्थान पर विराजमान कोई व्यक्ति है? नहीं, शिव संपूर्ण ब्रह्मांड हैं। शिव तत्व वह है जहां से सब कुछ आया है, सब कुछ स्थित है और जिसमें सब कुछ विलीन हो जाता है। ऐसा कोई मार्ग नहीं है कि आप किसी भी समय शिव तत्व से बाहर निकल सकें क्योंकि शिव ही संपूर्ण सृष्टि हैं। **-श्रीश्री रविशंकर**

## शनिदेव को पिप्पलाद मुनि ने दिया शाप



संकलित

प्रेरणा

पुराने समय में वृत्तासुर नाम के एक असुर का आतंक बढ़ गया था। इस असुर को सभी देवता पराजित नहीं कर पा रहे थे। उस समय दधिचि ऋषि ने देवताओं से कहा कि मेरे शरीर की हड्डियों से आप वज्र नाम का शस्त्र बनाइए और उस वज्र से वृत्तासुर का अंत हो जाएगा। देवताओं की भलाई के लिए दधिचि ऋषि ने अपनी देह त्याग दी और बाद में देवताओं ने ऋषि की हड्डियों से वज्र बनाया। देवराज इंद्र ने इस वज्र से असुरों को पराजित कर दिया। दधिचि मुनि के पुत्र का नाम पिप्पलाद था। दधिचि के पुत्र का जन्म पीपल के नीचे हुआ था, इस कारण इस बच्चे का नाम पिप्पलाद रखा गया। बच्चे के जन्म से पहले ही दधिचि की मृत्यु हो गई थी। जब पिप्पलाद बड़े हुए तो उन्होंने देवताओं से पूछा कि मेरे पिता की इतनी जल्दी मृत्यु कैसे हो गई। उस समय उन्हें मालूम हुआ कि शनि की अशुभ दृष्टि की वजह से दधिचि मुनि की मृत्यु का योग बना है। वे बड़े तपस्वी थे। जब उन्हें मालूम हुआ कि शनि के कारण उनके पिता की जल्दी मृत्यु हुई तो उन्होंने शनि को ग्रह मंडल से हटने का शाप दे दिया। शाप के असर से शनि ग्रह मंडल से हटने लगे तो सभी देवताओं ने पिप्पलाद मुनि से अपना शाप वापस लेने की प्रार्थना की। देवताओं की प्रार्थना से पिप्पलाद मुनि ने शनि को क्षमा कर दिया, लेकिन उन्होंने से शनि से कहा कि अब से किसी बच्चे को 16 वर्ष की उम्र तक शनि दोष का सामना न करना पड़े, शनि बच्चों पर अशुभ दृष्टि नहीं डालेंगे।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**खाने की बर्बादी मत करें**

भोजन प्राणी जाति के तंदरुस्त रहने के लिए बेहद जरूरी है, लेकिन भोजन संतुलित और प्रकृति के दायरे में होना चाहिए, और खाने की बर्बादी भी नहीं करनी चाहिए। दुनिया के बहुत से देश भुखमरी की समस्या भी झेल रहे हैं। हमारे देश में शादियों और दूसरे समारोहों में खाने की बर्बादी बहुत होती देखी जा सकती है। खाना कूड़े के ढेर की शान भी बनते देखा जाता है। खाने की बर्बादी करना बहुत ही गलत है। खाने की कीमत उससे पूछो जिसे पेट भरने के लिए दो वक्त की रोटी या तो नसीब नहीं होती है या बड़ी मुश्किल से मिलती है। केंद्र सरकार देश की शिक्षा प्रणाली में ऐसा बदलाव करने के लिए प्रयत्नशील है।

- प्रभात साहू, रायगढ़

### ट्रेंड

**कार्बन गुंजाइश की जरूरत**




विकसित देश जीवाश्म ईंधन का उपयोग करके विकसित हुए हैं। पृथ्वी पर 77 प्रतिशत कार्बन डाइऑक्साइड भार सीधे उनकी वजह से है। इसी वजह से वैश्विक तापमान में 1.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। ऐसे में विकासशील देशों को कार्बन गुंजाइश की जरूरत है। **-आरके सिंह, केंद्रीय मंत्री**

**भरत रत्न देने का स्वागत**



मैं पूर्व पीएम व कांग्रेस नेता पीवी नरसिंह राव को 'भारत रत्न' देने की घोषणा का स्वागत करती हूं। पूर्व पीएम चौधरी चरण सिंह और डॉ एमएस स्वामीनाथन को भी देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान देने के ऐलान का भी स्वागत करती हूं। **-सोनिया गांधी, कांग्रेस नेता**

**श्वेत-ब्लैक पत्र राजनीति**



कांग्रेस और भाजपा लोकसभा चुनाव से पहले 'ब्लैक पेपर' व 'व्हाइट पेपर' जारी कर एक-दूसरे को गलत व जनविरोधी साबित करने का खेल सिर्फ और सिर्फ चुनावी स्वार्थ है और ऐसी संकीर्ण राजनीति से देश व जनता का कल्याण कैसे हो सकता है। **-मायावती, बसपा प्रमुख**

**आंध्र को विशेष दर्जा की मांग**



मैंने संसद परिसर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और लंबित योजनाओं पर चर्चा की और आंध्र प्रदेश राज्य को विशेष दर्जा देने सहित विभिन्न मांग रखी। इससे पहले भी मैं पीएम व एचएम से मिल चुका हूं। **-जगन मोहन रेड्डी, सीएम, एपी**

### करंट अफेयर

## द. कोरिया से बातचीत की इच्छा नहीं : किम



उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने दोहराया है कि उन्हें दक्षिण कोरिया के साथ कूटनीतिक संबंधों की कोई इच्छा नहीं है और अगर उत्तर कोरिया को उकसाया गया तो वह उसे नष्ट कर देगा। सरकारी मीडिया ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। किम के हाल में आए आक्रामक बयानों से क्षेत्र में लगातार तनाव बढ़ रहा है। उत्तर कोरिया के नेता ने बृहस्पतिवार को रक्षा मंत्रालय का दौरा किया। इस दौरान उन ने कहा कि दक्षिण कोरिया के संबंधों में कटौती करने के लिए उनके हाल में उठाए गए कदमों से सेना को अधिक आक्रामक रुख अपनाने की अनुमति मिली है जिससे उनपर जब भी हमला किया जाए तो वह दक्षिण कोरिया पर हमला कर उसे नष्ट कर देंगे।

### ऑफ बीट

## एक तिहाई कर्मचारियों को काम पर धमकाया जाता है



पूरे उत्तरी अमेरिका में कार्यस्थलों पर बदमाशी, उत्पीड़न और यौन शोषण की घटनाएं व्यापक हैं और यह व्यक्तियों और संगठनों दोनों के लिए हानिकारक है। दरअसल, कार्यस्थल पर बदमाशी समय के साथ 30% श्रमिकों को प्रभावित करती है। कार्यस्थल पर बदमाशी, उत्पीड़न और यौन शोषण सहित हिंसा का अध्ययन करने वाले चिकित्सकों और शोधकर्ताओं के रूप में, हम कार्यस्थल पर बदमाशी को लोगों के बीच दुर्व्यवहार के हानिकारक कृत्यों के रूप में परिभाषित करते हैं जो असभ्यता से परे जाते हैं और जानबूझकर नुकसान पहुंचाने की सीमा पार करते हैं।

संक्षेप

## राष्ट्रीय मानवाधिकार एकता संघ में खरचू सिंह बने जिलाध्यक्ष

### संगठन द्वारा मिली जिम्मेदारी का ईमानदारी पूर्वक करूंगा निर्वाहन: खरचू सिंह

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। खरचू सिंह के द्वारा किए जा रहे कार्यों को देखते हुए उनके दायित्व को प्रोन्नति देते हुए जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंप गई है। जिला अध्यक्ष बनने के बाद खरचू सिंह ने कहा कि संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारी का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करते हुए संगठन को आगे लेकर जाऊंगा। राष्ट्रीय मानवाधिकार एकता संघ में प्रमुख महासचिव के पद पर कार्य कर रहे खरचू सिंह के अच्छे कार्य और समय के अनुसार जिला कार्यकारणी पूर्ण करके संघ का विस्तार किया गया। विस्तार में राष्ट्रीय मानवाधिकार एकता संघ के प्रदेश अध्यक्ष अवधेश रावत ने खरचू सिंह को जनपद बहराइच का जिलाध्यक्ष नामित किया। उन्होंने खरचू सिंह पर भरोसा जताते हुए कहा कि जिलाध्यक्ष अपने जनपद में पहले से और अच्छा कार्य करेंगे समाज के हित में काम करेंगे लोगो की समस्या को शासन प्रशासन तक पहुंचाने में कामयाब होंगे और ईमानदारी से राष्ट्रीय मानवाधिकार एकता संघ को मजबूती से और आगे पहुंचाने का काम करेंगे। खरचू सिंह के जिला अध्यक्ष बनने से संगठन के पदाधिकारी कार्यकताओं ने उन्हें फूल माला पहनाकर बधाई शुभकामनाएं दी है।

## संदीप हत्याकांड में दो महिलाएं समेत 8 लोग गिरफ्तार

### पुलिस ने न्यायालय में किया पेश, भेजे गए जेल, अभी चार आरोपियों की तलाश जारी

मिल्कीपुर, अयोध्या के खण्डासा थाना क्षेत्र के कीन्हूपुर पूरे पाण्डेय गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में आधा दर्जन लोग घायल हुए थे। गंभीर रूप से घायल हुए युवक संदीप कुमार की इलाज के दौरान मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई थी। शव पोस्टमार्टम होने के बाद गांव पहुंचा तो ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त गया था लेकिन पुलिस ने मृतक के भाई ओम प्रकाश की तहरीर के आधार पर एक दर्जन लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर तलाश में जुटी हुई थी। मुखबिर ने पुलिस को सूचना दिया कि कीन्हूपुर गांव में मारपीट करने वाले कुछ आरोपी खण्डासा बाजार से अमानीगंज ब्लाक जाने वाले मार्ग पर खड़े हैं और कहीं जाने के लिए वाहन का इंतजार कर रहे हैं। जानकारी मिलते ही थानाध्यक्ष मनोज यादव, उपनिरीक्षक विनय कुमार, शैलेश कुमार त्रिवेदी, राहुल कुमार यादव कांस्टेबल स्वर्णकमल कुशवाहा, मुनीष कुमार, पंकज कुमार, दुर्गा प्रसाद यादव महिला कांस्टेबल सोनम यादव व पूजा यादव ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी करते हुए दो महिलाओं समेत 8 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए लोगों के निशान देही पर पुलिस टीम ने मारपीट में प्रयुक्त लाठी डंडों को भी बरामद कर लिया है।

# प्रसव के लिए आने वाली महिलाओं को नहीं मिल रहा भोजन

### एसडीएम की जांच में हुआ खुलासा, भेजी शासन को रिपोर्ट

अमन लेखनी समाचार

मोतीपुर, बहराइच। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीपुर मिहींपुरवा में उप जिलाधिकारी संजय कुमार ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रसव के लिए आने वाली महिलाओं को दिया जाने वाला गरम भोजन व नाश्ता रसोई में नहीं मिला। रजिस्टर की जांच करने पर पता चला कि पिछले दिसंबर महीने से ही प्रसुताओं को भोजन उपलब्ध नहीं कराया गया है। इस संबंध में उप जिलाधिकारी ने रिपोर्ट शासन में भेज दी है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिहींपुरवा में स्थित किचन में उपलब्ध व्यवस्थाओं साफ सफाई व आपातकालीन चिकित्सा हेतु आए मरीज और प्रसुताओ को उपलब्ध कराए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता की जांच की गई। जांच के दौरान अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिहींपुरवा द्वारा बताया गया कि शासन के निर्देशन के अनुसार स्वास्थ्य केंद्र पर आपातकालीन चिकित्सा हेतु आए मरीजों में प्रसूता लाभार्थियों को निर्धारित मेन्यू के अनुसार गुणवत्ता पूर्वक भोजन उपलब्ध कराए जाने हेतु किचन का संचालन राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह द्वारा प्रेरणा की सदस्य संगीता देवी द्वारा किचन का संचालन किया जा रहा है। इस दौरान एसडीएम ने रसोई घर में संचालित भोजन वितरण पंजिका में अंतिम प्रविष्टि 24 दिसंबर 2023 की दर्ज पाई जिससे स्पष्ट है कि संचालित किचन में 24 दिसंबर 2023 के बाद से प्रसुता लाभार्थियों को भोजन नहीं उपलब्ध कराया जा रहा है। जांच के समय तक रसोई में भोजन नहीं बनाया गया था। चिकित्सा पंजिका के निरीक्षण में ज्ञात हुआ कि दिनांक 5 फरवरी 24 को प्रसव हेतु आई कलावती निवासी बढैया व श्रीमती मन्तुल निशा निवासी मौजी पुरवा को प्रसव के उपरांत 6 फरवरी को पूर्वाह्न 10 बजे डिस्चार्ज कर दिया गया जो अपने घर चली गई। जांच के समय स्वास्थ्य केंद्र पर कोई प्रसूता एडमिट भी नहीं मिली। उप जिलाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रो एंव मेटरनिटी विंग में आपातकालीन मरीज व प्रसव हेतु आने वाली महिलाओं को भोजन नाश्ता व दूध दिया जाता है लेकिन निरीक्षण के दौरान कोई भी व्यवस्था नहीं मिली जिसकी रिपोर्ट शासन को भेजी गई है।

## बाबूलाल बने धनगर पाल समाज के अध्यक्ष निर्वाचन में अपने प्रतिद्वंद्वी को पराजित कर 204 मतों से हुए विजई

अमन लेखनी सामाचार

ललितपुर/ धनगर पाल समाज ललितपुर के अध्यक्ष पद हेतु पाल समाज के वरिष्ठ लोगों ने समाज समाज में फैली कुरुतियों को खत्म कर समाज को नई दिशा देने हेतू समाज का अध्यक्ष हेतु चुनाव कराया बीते दिन सुबह 8 बजे से सायं 4 बजे तक जिला मुख्यालय रेन बसेरा मैं समाज का मतदान कराया गया निर्वाचन में लगभग 1500से अधिक स्व जातीय बंधुओ ने हिस्सा लिया जिसमें पंजीकृत 1249 मतदाताओं के सापेक्ष 926 मत पत्र पड़े। तदोपरांत मतगणना कराई गई। जिसमें श्री बाबूलाल पाल कुमरोल को 406 मत मिले एवं उनके निकटतम उम्मीदवार श्री तुलसीराम पाल को 202 मत मिले। इस प्रकार श्री बाबूलाल पाल ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी तुलसीराम पाल को 204 मतों की भारी अंतर से पराजित किया। चुनाव अधिकारी हाकम पाल शिक्षक एवं रामेश्वर पास सिमरिया ने अवगत कराया कि मतदान एवं मतगणना शांतिपूर्वक संपन्न कराई गई। निर्वाचन प्रक्रिया के प्रति समाज में अति उत्साह देखा गया। प्रक्रिया में लगभग 1500 लोगों ने प्रतिभाग किया। मतदान एवं मतगणना रेन बसेरा कोतवाली की सामने ललितपुर संपन्न हुआ।

# 800 लीटर कच्ची शराब सहित दो अभियुक्त गिरफ्तार




अमन लेखनी समाचार

रूपईडीहा, बहराइच। पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला जनपद बहराइच द्वारा अपराध की रोकथाम एवं वाँछित अपराधियो की गिरफ्तारी के संबंध में चलाये जा रहे अभियान के अनुक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) डा0 पवित्र मोहन त्रिपाठी व क्षेत्राधिकारी नानपारा राहुल पाण्डेय के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक रूपईडीहा शमशेर बहादुर सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना स्थानीय पर बीते 04 फरवरी को 800 लीटर कच्ची शराब की बरामदगी के संबंध में पंजीकृत मु0अ0सं0 57/2024 धारा 60 इएक्स एक्ट व 272 भादवि से संबंधित फरार व वाँछित अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु गठित टीम उपनिरीक्षक कृष्ण कुमार सिंह मय हमराही पुलिस बल द्वारा सोमवार को मुखबिर की सूचना के आधार पर मुकदमा उपरोक्त से संबंधित वाँछित अभियुक्तगण में से अभियुक्तगण मलखान उर्फ बल्ला सोनकर पुत्र राजितराम व संदीप सोनकर उर्फ सीटीबाज पुत्र त्रिलोकी सोनकर निवासी प्रहलादगाँव, भगवानपुर करिंगा थाना रूपईडीहा को हथियाबोझी पटना पुलिया थाना रूपईडीहा से समय 09.00 बजे सुबह गिरफ्तार किया गया। मुकदमा उपरोक्त में आवश्यक विधिक कार्यवाही कर अभियुक्तों को रवाना सदर न्यायालय बहराइच किया गया।

## कटी पूंछ वाले तेंदुए को जंगल के साथ खेतों में तलाश रहे वनकर्मी

### 10 दिन से लगातार खाक छान रही वन विभाग की टीम

अमन लेखनी समाचार

मोतीपुर, बहराइच। कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग क्षेत्र के ककरहा रेंज में बीते दिनों जंगल से सटे एक गांव में कृषि यंत्र हैंरो में तेंदुए की कटी पूंछ बरामद हुई थी। कटी पूछ मिलने के बाद वन विभाग तेंदुखे को तलाशने के लिए सक्रिय हो गया लगभग 10 दिन से कटी पूंछ वाले तेंदुए को तलाश कर रहा है। तलाश करने के लिए वन विभाग ने आठ कैमरे भी लगा रखे



है साथ ही वन दरोगा आलोक मणि तिवारी की अगुवाई में वन विभाग की एक टीम जंगल व उसके आसपास खेतों में घायल तेंदुए को तलाश कर रही है लेकिन अभी तक तेंदुए का कोई पता नहीं चल सका है। अनुमान लगाया जा रहा है कि तेंदुआ पूरी तरह शायद स्वस्थ हो चुका है इसीलिए कहीं दिखाई नहीं दिया है। वन क्षेत्राधिकारी ककरहा धर्मेंद्र प्रताप कनौजिया ने बताया कि घायल तेंदुए की तलाश के लिए वन विभाग की एक टीम लगातार जंगल वह उसके आसपास खेतों में तलाश कर रही लेकिन तेंदुए का कोई पता नहीं चल सका है शायद तेंदुआ स्वस्थ हो गया है इसीलिए दिख नहीं रहा।

## भारतीय जनता पार्टी ने शुरू किया ग्राम परिक्रमा कार्यक्रम

अमन लेखनी समाचार



रूपईडीहा, बहराइच। नगर पंचायत रूपईडिहा के जमुनहा मे हुई गोष्ठी और ग्राम परिक्रमा कार्यक्रम। भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित ग्राम परिक्रमा कार्यक्रम अन्तर्गत जनपद बहराइच के सीमांत नगर पंचायत रूपईडिहा के नेपाल सीमांत ग्राम जमुनहा वार्ड नंबर छ मे एक गोष्ठी का आयोजन हुआ। जमुनहा स्थित पार्वती पब्लिक स्कूल, शिव मंदिर मे आयोजित कार्यक्रम मे मुख्य अतिथ जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष जितेन्द्र प्रताप सिंह जीतू, विशिष्ट अतिथ डॉक्टर उमाशंकर वैश्य, जिला किसान मोर्चा कोषाध्यक्ष संजय वर्मा, कार्यक्रम संयोजक महामन्त्री नागेन्द्र सिंह, मन्डल अध्यक्ष भाजपा अजय मिश्र, मन्डल अध्यक्ष किसान मोर्चा भीम सेन मिश्र सहित मन्डल के पदाधिकारी विजय सिंह, मनोज प्रजापति, सन्तोष शुक्ल, राजेश कुमार सिंह व गणमान्यजन ग्रामवासियो की उपस्थिति रही। कार्यक्रम मे भाजपा सरकार की जन उपयोगी योजनाओ की जानकारी दी गई।

मुख्य अतिथि जितेन्द्र प्रताप सिंह जीतू ने सरकार की लाभकारी योजनाओ पर प्रकाश डालते हुए योजनाओ का लाभ प्राप्त करने हेतु लोगो को प्रेरित किया। डाक्टर उमाशंकर वैश्य ने सरकार के विकास से अवगत कराते हुए कहा कि जो लोग लाभ प्राप्त नही कर पा रहे है, वह हमसे संपर्क कर लाभ प्राप्त कर सकते है। भाजपा मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा भीमसेन मिश्र ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव मे बढ़-चढ़कर कर हिस्सा ले और भारतीय जनता पार्टी को भारी मतो से विजय बनाए। जिला कोषाध्यक्ष किसान मोर्चा संजय वर्मा ने बताया कि यह कार्यक्रम 12फरवरी से 12 मार्च तक प्रत्येक गांव मे आयोजित किया जायेगा। गोष्ठी उपरान्त गांव की परिक्रमा भी की गई। परिक्रमा मे पार्वती पब्लिक स्कूल प्रबंधक ज्ञानेन्द्र मिश्र, दीपेन्द्र मिश्र, वासू साहू ,कमलेश आर्य, करन सोनकर, रवि सोनकर आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

## मंझरा में हुए गोलीकांड में अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार



### पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर 48 घंटे में पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

मोतीपुर, बहराइच। मुर्तिहा कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मंझरा गांव में लगभग 48 घंटे पूर्व हुए गोलीकांड में एक अभियुक्त को मुर्तिहा पुलिस ने दबोच लिया है। गिरफ्तार अभियुक्त मनीराम पुत्र लल्लू राम निवासी धोबियन पुरवा मंझरा कोतवाली मुर्तिहा जो गोली कांड का मुख्य आरोपी है पुलिस ने सोमवार सुबह 9:30 बजे मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया है। ज्ञात होगी 2 दिन पूर्व मंझरा गांव में जमीन विवाद को लेकर एक व्यक्ति पर मनीराम द्वारा गोली चलाकर घायल कर दिया गया था जिसका इलाज जिला चिकित्सालय में चल रहा है। वही मौके पर पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने पहुंचकर थाना अध्यक्ष अमितेंद्र को जल्द घटना का खुलासा करने और अभियुक्त को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए थे। थाना अध्यक्ष अमितेंद्र सिंह ने बताया कि गोली कांड के आरोपी को गूढ चौराहे से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थाना अध्यक्ष अमितेंद्र सिंह, वरिष्ठ उप निरिक्षक गजेंद्र पांडे, उपनिरीक्षक अनिल यादव, हेड कांस्टेबल सुभाष यादव सिपाही प्रेम प्रकाश यादव शामिल रहे।

## बंगाल से बिहार तक गोवंशों की तस्करी

### गोवंशों से भरे ट्रक के पलटने के मामले में केस दर्ज, ट्रक मालिक के नाम ने चौंकाया

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, सुलतानपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर पशु तस्करी के मामले में गो हत्या अधिनियम और पशु तस्करी अधिनियम के तहत धनपतगंज थाने में केस दर्ज हुआ है। पुलिस पड़ताल से खुलासा हुआ है कि गोरक्षा से जुड़े लोगों के तार तस्करी से जुड़े हैं। इसलिए कि पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर पशुओं से भरा जो वाहन पलटा था, उसका मालिक रोहित कुमार सिंह है। हालांकि ट्रक में रखे एक मोबाइल और कागजात से पुलिस तस्करों तक पहुंचने की कोशिश में है। सुलतानपुर में गुरुवार को पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर धनपतगंज थाना अंतर्गत टीकर गांव के पास पशुओं से भरा ट्रक पलट गया था। ट्रक चालक को झपकी आने से ट्रक पलटा था। जिसमें पांच गोवंश की मौत हो गई थी। 13 पशु घायल हुए थे, इनमें एक भाग निकला था। अन्य को पड़रे गौशाला संरक्षक अजीज बेग के सुपुर्द किया गया था। ट्रक से जिंदा बरामद हुए 13 गोवंश में एक मौके से भाग निकला था, जबकि 12 गोवंश में 6 बैल और 6 गाय मिले हैं। इस मामले में धनपतगंज एसओ पंडित त्रिपाठी की तहरीर पर गोहत्या अधिनियम और पशु तस्कर अधिनियम के तहत वाहन चालक और उसके सहयोगियों पर केस दर्ज हुआ है।

पुलिस की पड़ताल में वाहन मालिक बिहार के बक्सर थाना अंतर्गत बसौली निवासी रोहित कुमार सिंह निकला। बताया जा रहा है कि आवारा पशुओं की बंगाल से बिहार तक पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के रास्ते तस्करी चल रही है। पकड़ी गई ट्रक में तीन चापड़ और एक ठीहा भी मिला है।

## विद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



अमन लेखनी समाचार

बहराइच। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कला बनाई गई। तहसील नानपारा अन्तर्गत अगैय्या चौराहा पर स्थित श्री कृपा राम जनजागृति हाई स्कूल में मतदाता जागरूकता अभियान अन्तर्गत कला प्रतियोगिता आयोजित हुई। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए एक दिवसीय कला प्रतियोगिता कर बच्चों को बताया गया कि वे अपने घर में सभी परिवार जनों को मतदान के प्रति जागरूक करें। इस अवसर पर प्राचार्य श्री कृपा राम गुप्ता व प्रबंधक मनोज कुमार गुप्ता व सरफराज मीडिया कर्मी व अध्यापक शिवा सोनी, सालमा, शाहिना परवीन, विषमा सहित समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## लॉर्ड बुद्धा पीजी कॉलेज में हुआ स्मार्टफोन का वितरण



अमन लेखनी समाचार

बहराइच। सीमावर्ती कस्बा रूपईडीहा मे स्थित लॉर्ड बुद्धा पी जी कॉलेज के सभागार मे बीते रविवार को अध्ययनरत छात्र छात्राओं को स्मार्ट फोन का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला सेवा योजना समिति एवम जिला पंचायत सदस्य संदीप जायसवाल नेता जी एवम विशिष्ट अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय मिश्रा रहे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये मुख्य अतिथि ने कहा की सभी छात्र स्मार्टफोन का सदुपयोग पढ़ाई लिखाई मे करते हुए इसका लाभ उठायें। इस दौरान कॉलेज के प्रबन्धक एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख डॉक्टर हरीश चंद्र उर्फ बंटू भैया, कॉलेज के सचिव डॉक्टर यशपाल, भाजपा नेता सर्वेश जी तथा नगर के गणमान्य लोग सहित विद्यालय के समस्त छात्र एवम छात्राए तथा अध्यापक मौजूद रहे।

कर्तव्य

### ऋतु सिंह बोलीं- लोग अपने कर्तव्यों का पालन करें ताकि देश को सुरक्षित एवं सुदृढ बनाया जा सके

# अयोध्या में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत हुई गोष्ठी

अमन लेखनी समाचार




अयोध्या, यूपी शासन की मंशा के अनुरूप अयोध्या में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत आज परिवहन विभाग, अयोध्या सम्भाग जनपद अयोध्या की ओर से कार्यशाला आयोजित की गयी। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर प्रारम्भ किया गया। सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) ऋतु सिंह अयोध्या ने उपस्थित गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया गया। उन्होंने बताया कि यह भारत सरकार कि एक महत्वाकांक्षी योजना है जिसमें भारतीय सिविल सेवकों कर्मचारियों में कौशल विकास कर उन्हें रचनात्मक, कल्पनाशील, प्रगतिशील, सक्षम, प्रोफेशनल और तकनीकी योग्यता से परिपूर्ण बनाने हेतु प्रशिक्षण दिया जाता है। जिससे लोग अपने कर्तव्यों का पालन करें ताकि देश को सुरक्षित एवं सुदृढ बनाया जा सके। उन्होंने आगे बताया कि परिवहन विभाग द्वारा ऑन लाइन सेवाओं के माध्यम से परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के नेतृत्व में जनता को सीधे सुविधायें प्रदान कर रहा है जिसमें उत्कृष्ठता, पारदर्शिता परिलक्षित होती है जिसमें समस्त जन मानस, ट्रांसपोटरों, चालक व विभिन्न वर्गो के लोगों के आचरण, व्यवहार उत्कृष्ट बना रहे ताकि वह देश के निर्माण में अपना योगदान पूरी क्षमता से कर सकें। इसके अतिरिक्त सड़क सुरक्षा के चौथा ई-ए शिक्षा, प्रवर्तन, इंजीनियरिंग, आपातकाल पर स्टेक होल्डर विभागों द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता प्रयास, ब्लैक स्पॉट सुधारीकरण कार्यवाही, प्रवर्तन कार्यवाही गुड सेमेरिटन लॉ, गोल्डेन ऑवर आदि पर प्रकाश डाला और कर्मयोग के माध्यम से सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने की अपील की।

मुख्य वक्ता आचार्य आर०के० गोस्वामी ने गीता आदि का संदर्भ देते हुए कर्मयोगी बनने हेतु चार मूल मंत्र यथा-गीता ज्ञान, सड़क सुरक्षा मानव रक्षा, विश्व रक्षा देते हुए उत्तर प्रदेश में दुर्घटनाओं की संख्या को कम करने पर बल दिया। उन्होंने बताया कि मन और विवेक को काबू में रख कर वाहन चलाना चाहिए तथा क्रोध व नींद की दशा में वाहन का संचालन नहीं किया जाना चाहिए। अशोक पाठक द्वारा प्रेरणा से नियमों का पालन करना चाहिए न की सिर्फ चालान के भय से परिवहन व पुलिस विभाग की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए गम्भीर है परन्तु जन सहयोग के साथ ही सड़क सुरक्षा और मिशन कर्मयोगी सफल हो सकता है।

विश्वजीत प्रताप सिंह, सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) अयोध्या, डॉ० ओपी सिंह, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन), अयोध्या, प्रवीण कुमार सिंह, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) अयोध्या, प्रेम सिंह, सम्भागीय निरीक्षक (प्राविधिक) अयोध्या, जिला विद्यालय निरीक्षक, लोक निर्माण विभाग एवं यातायात विभाग के अधिकारी तथा गुरू नानक स्कूल के प्रधानाचार्य, स्टॉक होल्डर, डीलर एवं स्कूली के छात्र/छात्रायें आदि उपस्थित रहे।

# सुलतानपुर में दबंगों ने सफाईकर्मी पर चढ़ाई बोलेरो

### गंभीर हालत में ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर, पत्नी बोली- पति के साथ शिकायत करने थाने जा रही थी

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, सुलतानपुर में घर से ड्यूटी जा रहे सफाई कर्मी ने विपक्षियों पर बोलेरो चढ़ाने और लाठी डंडे से पीटने का आरोप लगाया है। गंभीर हालत में घायल सफाई कर्मी को राजकीय मेडिकल कॉलेज से ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया है। घटना जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र की है। आशापुर निवासी रेखा पत्नी रवींद्र कुमार वर्मा ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दिया है। रेखा के अनुसार उसके पति जयसिंहपुर ब्लॉक के परसौंहा में बतौर सफाई कर्मी हैं। गुरुवार सुबह 9 बजे घर से ड्यूटी के लिए घर से निकले तभी विपक्षी स्वामी नाथ, अजय कुमार, सभाराज, दशरथ, सूरज, जगतराम, राम दयाल गली देते हुए मारने दौड़े। पति रविन्द्र भागते हुए घर में घुसे और दरवाजा बंद कर लिया। घर के अंदर से ही उन्होंने डायल 112 को सूचित किया। सूचना पर पहुंची डायल 112 की पुलिस ने थाने चलकर रिपोर्ट लिखवाने की बात कही तो पति की बाइक पर बैठकर मैं कोतवाली जा रही थी। बगिया चौराहा-पीढ़ी संपर्क मार्ग पर नंदी धाम पहुंचे थे तभी विपक्षियों ने बोलेरो खड़ी कर बाइक रोक लिया। दबंग लोगों ने लाठी-डंडे से उसके पति को पीटा। पुलिस व राहगीरों को आता देख वो लोग बोलेरो में बैठे और जान से मारने की नीयत से बोलेरो पति रवींद्र के ऊपर चढ़ा दी। मारने और गाड़ी चढ़ाने से रवीन्द्र गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों की मदद से घायल को सीएचसी जयसिंहपुर ले जाया गया। जहां मौजूद चिकित्सक ने राजकीय मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर रेफर कर दिया। गंभीर रूप से घायल रवींद्र को चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया है।

# संक्षेप

## मेरठ बीआईटी कॉलेज में बीसीए सेकेंड ईयर छात्र की पिटाई

### प्रतापगढ़ का रहने वाला है पीड़ित छात्रा, तहरीर लेने के बाद पुलिस ने आरोपी छात्रों की तलाश की शुरू

मेरठ, मेरठ के परतापुर थाना क्षेत्र दिल्ली देहरादून बाईपास स्थित बीआईटी कालेज में बीसीए सेकंड ईयर की पढ़ाई कर रहे प्रतापगढ़ निवासी छात्र की कालेज के ही करीब आधा दर्जन छात्रों ने लाठी डंडों और बेल्ट से पिटाई कर दी, पीड़ित छात्रा का आरोप है कि आरोपी छात्रों ने उसे कॉलेज न आने की भी धमकी दी है। आरोपियों द्वारा के कारण छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया, पीड़ित छात्रा ने परतापुर थाना पहुंचकर आरोपी छात्रों के खिलाफ तहरीर दी, पुलिस ने तहरीर लेने के बाद आरोपी छात्रों की तलाश शुरू कर दी है। मेरठ के परतापुर थाना क्षेत्र स्थित दिल्ली देहरादून बाईपास पर बीआईटी कॉलेज मौजूद है कॉलेज में प्रतापगढ़ का रहने वाला ओमप्रकाश पुत्र उमर बहादुर बीसीए सेकंड ईयर की पढ़ाई कर रहा है। पीड़ित ओम प्रकाश ने बताया कि वह परतापुर थाना क्षेत्र स्थित इंडस्ट्रीज एरिया में किराए के मकान में रहता है। पीड़ित छात्र ने बताया कि शनिवार को करीब 2:00 बजे वह कॉलेज पहुंचा था। कॉलेज के गेट पर पहले से ही मौजूद कालेज में ही पढ़ने वाले छात्र अंकित मटोर और आर्यन तेवतिया निवासी सैदपुर ने अपने अन्य चार साथियों के साथ उसे गेट पर रोक लिया।

## प्रधान पति की हत्या करने वाला एक आरोपी अरेस्ट

### पुलिस ने पिस्टल किया बरामद, फरार आरोपियों की तलाश जारी

मेरठ, मेरठ के मुंडाली थाना क्षेत्र स्थित गांव राछौती मैं चुनावी रंजिश के चलते बुधवार रात गांव के ही रहने वाले दबंगों ने प्रधान पति को गोली मार दी थी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर अवस्था में प्रधान पति को उपचार के लिए मेरठ स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया था। जहां उपचार के दौरान प्रधान पति की मौत हो गई थी। मृतक के परिवार वालों द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा कायम करने के बाद आरोपियों की तलाश में छापेमारी शुरू कर दी। पुलिस ने शुक्रवार को हत्या के एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, बाकी आरोपियों की तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है। गांव राछोती के रहने वाले प्रधान पति विजय रावत पुत्र सच्चे सिंह को गांव के ही रहने वाले मोहित, शिवम पुत्र सुभाष, शिवम उर्फ कलवा और पंकज ने चुनावी रंजिश के चलते गोली मार दी थी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने परिवार वालों की मदद से गंभीर रूप से घायल प्रधान पति को विजय को उपचार के लिए मेरठ स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया था जहां उपचार के दौरान विजय की मौत हो गई थी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दायर कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी।

# खान पान की बिगड़ी शैली ने बिगाड़ी बच्चों के दांतों की सेहत

अमन लेखनी समाचार

सहजनवां, गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत सेमरा के स्वामी विवेकानंद एकेडमी में बताया यह महाशिविर कैंसर जागरूकता कार्यशाला के दौरान आयोजित किया गया। खानपान की बदलती शैली के कारण लोग आसन दातों की समस्याओं का सामना करना पड़ता है उन लोगों को भी पता है जिनके सामने स्वादिष्ट भोजन हो लेकिन वह उसका आनंद नहीं ले पाते हो या फिर एक अच्छे गायक होने के बाद भी अपने स्वर लहरी से समाज को आनंदित नहीं कर पाता व एक अच्छा वक्त होने के बाद भी दांत न होने पर बेहतर भाषण नहीं दे पाता क्योंकि दांतों के अभाव में शब्द का उच्चारण नहीं कर पाते यह जानकारी डॉक्टर आशीष प्रताप मल्ल



( पूर्वांचल इंस्टीट्यूट आफ डेंटल साइंस व फाउंडर सीईओ मुक्त अभियान ) निशुल्क दंत चिकित्सा व चिकित्सा शिविर के दौरान स्वामी विवेकानंद एकेडमी सेमरा सहजनवॉ में बताया । यह महाशिविर कैंसर जागरूपता कार्यशाला के दौरान आयोजन किया गया। इस महाशिविर में डाक्टर अर्चना मल्ल ने बच्चों के दाँतो के के बीमारियों के बारे मे लोगो के बताया व बच्चों को ब्रश तकनीकी की जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य प्रदीप गुप्ता ने किया व मिशन पायरिया मुक्त अभियान के तहत निशुल्क दन्त चिकित्सा शिविर की सराहना किया । शिविर में लगभग 227लोगों को निशुल्क जांच सलाह व दवा टूथपेस्ट वितरण किया गया । महाशिविर में विधालय प्रबंधक बृजेश सिंह , डेंटलहाइजिनषट नितिन कुमार, गगन सिंह राजपूत( इमोफारम ) ,संदीप कुमार फार्मासिस्ट, शिवम श्रीवास्तव ( वारेन ) व शिक्षकगण , विद्यालय परिवार इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# महायोगी गोरखनाथ कृषि विज्ञान केन्द्र पर अन्तर्राष्ट्रीय तकनीकी वैज्ञानिकों ने किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। पीपीगंज अन्तर्राष्ट्रीय चावल अनुसन्धान संस्थान फिलिपिंस के दक्षिण एशिया क्षेत्रीय केन्द्र वाराणसी के निदेशक डॉ. सुधांशु सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक यंत्रीकरण एवं पोस्ट हार्वेस्ट डॉ राबे याहया वैज्ञानिक डॉ अन्थोनी फुलफोर्ड तथा सीसा सिमिट के डॉ अजय इत्यादि द्वारा महायोगी गोरखनाथ कृषि विज्ञान केन्द्र के फार्म पर विभिन्न परीक्षणों एवं प्रदर्शित तकनीकियो का निरिक्षण केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ आर. के. सिंह और वैज्ञानिक अवनीश कुमार सिंह द्वारा कराया गया क महायोगी गोरखनाथ कृषि विज्ञान केन्द्र और अन्तर्राष्ट्रीय चावल अनुसन्धान संस्थान, फिल्लिपिंस के दक्षिण एशिया क्षेत्रीय केन्द्र, वाराणसी के संयुक्त परियोजना अंतर्गत फार्म पर खरीफ में धान कि सीधी बुवाई के साथ रोपाई किये गए धान का उपज मूल्यांकन व तकनीकी प्रदर्शन किया गया था। वर्तमान में उसी खेत में गेहूँ कि तीन विधियों हैप्पी सीडर सुपर सीडर तथा छिटकवा विधि से बुवाई कर उपज मूल्यांकन का परिक्षण कार्य चल रहा है और इसके साथ साथ गेहूं का बीज उत्पादन तथा गन्ने कि ट्रेंच विधि से बुवाई कर चना सरसों व मसूर कि सहफसली खेती का निरिक्षण अन्तर्राष्ट्रीय वैज्ञानिकों द्वारा किया गया क इसके बाद वैज्ञानिकों द्वारा समेकित कृषि प्रणाली के अंतर्गत आदर्श गौशाला, कुकुत्पालन, बत्तख पालन , खरगोश पालन, वर्मीकम्पोस्ट, अजोला, मछलीपालन ,मशरूम ईकाई तथा प्राकृतिक पोषण वाटिका का भी निरिक्षण किया गया क अन्तर्राष्ट्रीय संस्थान से आये वैज्ञानिकों द्वारा निरिक्षण उपरांत कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा कृषक हितार्थ में किये जा रहे विभिन्न कार्यों कि सराहना किया

# नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रयास से गायब महिला घर पहुंची

अमन लेखनी समाचार

सहजनवां, गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पाली क्षेत्र स्थित के नगर पंचायत घघसरा अध्यक्ष प्रभाकर दुबे ने ग्राम सोनबरसा की रहने वाली महिला लखपाती देवी 60 वर्ष प्रयागराज मेले में गायब हो गई थी । घघसरा नगर पंचायत अध्यक्ष प्रभाकर दुबे की पहल पर प्रशासन ने उन्हें सकुशल घर पहुंचा। काफी प्रयास के बाद जब दादी अम्मा का पता नहीं चल सका तो घर के सभी लोग नगर पंचायत अध्यक्ष घघसरा से मदद की गुहार लगाई। अध्यक्ष प्रभाकर दुबे ने अपने परिचितों,पार्टी संगठन पदाधिकारियों व प्रयागराज प्रशासन से संपर्क साधना सुरू किया। दो दिन की कड़ी मेहनत के बाद उनका प्रयास सफल हुआ। गस्त पर निकली पुलिस टीम को एक निजी होटल के आस-पास भटकते वृद्ध महिला लखपाती को देखा गया ।ग्रामीणों ने नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रयास का स्वागत किया है । गांव पहुंचते ही उन्हें फूल-मालाओं से लाद दिया। सभी लोग बारी-बारी से मिलकर धन्यवाद किया। आभार व्यक्त करने वालों में लखपाती देवी के पति रामवृक्ष निषाद, विनोद मणि त्रिपाठी, संतोष पाण्डेय सहित कई लोग थे।



# आईटीएम गीडा की छात्रा डिप्टी जेलर पद पर हुई चयनित

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट गीडा गोरखपुर मे संस्थान की पूर्व छात्रा एवं पीसीएस -2023 मे डिप्टी जेलर के पद पर चयनित निमिषा भारद्वाज का संस्थान के डॉ ए पी जे अब्दुल कलम सभागार मे प्रबंधतंत्र एवं संस्थान के निदेशक द्वारा स्वागत किया गया इस अवसर पर निमिषा के माता -पिता भी उपस्थित थे वर्तमान समय मे निमिषा भारद्वाज अधिशाषी अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं संस्थान मे आयोजित स्वागत समारोह मे छात्रों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि निरंतर प्रयास करने से ही केवल सफलता प्राप्त किया जा सकता हैं, सफलता प्राप्त करने का कोई दूसरा रास्ता नही हैं। सबसे पहले आप अपने लक्ष्य को निर्धारित करे उसके बाद लगातार उसको प्राप्त करने के लिए कार्य करे एक दिन निश्चित रूप से आप लक्ष्य को प्राप्त करने मे सफल होंगे। आपको जीवन मे कठिन परिश्रम करना होगा



क्यूंकि बिना परिश्रम के आपको कुछ भी नही मिलेगा। संस्थान के निदेशक डॉ एन के सिंह ने कहा कि ऐसे होनहार छात्रों कि सफलता से संस्थान का नाम भी देश और प्रदेश स्तर पर ऊँचा होता हैं और संस्थान के सभी लोग भी गौरवान्वित महसूस करते हैं इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष नीरज मातनहेलिया, सचिव श्याम बिहारी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष निकुंज मातनहेलिया, संयुक्त सचिव अनुज अग्रवाल, डॉ आर पी सिंह, डॉ आर एल श्रीवास्तव, दीप्ति डॉ ए आर त्रिपाठी, डॉ संत प्रसाद, डॉ खालिद हसन, डॉ मनोज कुमार मिश्र, दीप्ति ओझा उमेश गुप्ता, बृजेंद्र सहित संस्थान के सभी शिक्षकगण एवं छात्रा-छात्राएं मौजूद रहे।

# गीडा के ग्रीन लैंड पर लकड़ी माफियाओं की नजर काट कर उठा ले गए दर्जनों पेड़



अमन लेखनी समाचार

सहजनवा, गोरखपुर। गीडा क्षेत्र नेशनल हाईवे 28 एच के दोनो पटरियों के बगल में वन विभाग द्वारा हरियाली के लिए व्यापक पैमाने पर वृक्षारोपण कराया गया था। जिसमे कीमती पेड़ भी उगे हुए है। लेकिन वर्तमान समय में देखा जाय तो गीडा के ग्रिनलैंड पर लकड़ी माफियाओं ने अपनी नजर पूरी तरह गड़ा रखा है। और उसे उजाड़ने में लगे हुए है। आए दिन देखा जा रहा है की लकड़ी माफिया चाहे दिन हो या रात लगे इन कीमती पेड़ो को काट कर उठा ले जा रहे है। वर्तमान समय में इस ग्रीनलैंड से लडकी माफिया हजारों पेड़ काट कर उठा ले गए। और आए दिन पेड़ो की कटान जारी है। वन विभाग को इस कटान के बारे में भनक तक नहीं लगी। फिलहाल देखा जाय तो लकड़ी माफिया गीडा के ग्रीनलैंड को उजाड़ कर मालामाल हो रहे है। इस संदर्भ में रेंजर अखिलेश तिवारी ने कहा की मामला संज्ञान में आया है टीम को मौके पर भेज कर लकड़ी माफियाओं को चिन्हित कराकर कारवाई की जायेगी।

# लकड़ी का गट्ठर सिरहाने रखने से अशुभ की आशंका, मारपीट में तीन घायल

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पाली क्षेत्र स्थित के नगर पंचायत घघसरा के जयराज नगर में सोमवार शाम 5.00 बजे दो परिवारों में बच्चे के सिरहाने लकड़ी का गट्ठर रखने को लेकर मारपीट हो गई। जिसमें तीन लोग घायल हो गए। सभी घायलों को नगर पंचायत स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ठरार्पार में भर्ती कराया गया, जहां डाक्टर उसका इलाज कर रहे हैं। घायलों में बनारसी तथा उनकी पत्नी गिरिजा देवी व मंजू पुत्री ओमप्रकाश शामिल हैं।

ओमप्रकाश व बनारसी सगे पट्टीदार हैं। ओमप्रकाश के परिवारजनों का कहना था कि पुरानी मान्यता है कि बच्चे के सिरहाने लकड़ी का गट्ठर रखने से अनिष्ट होता है । एक पक्ष



जानबूझ कर ऐसा कर रहा है। दूसरा पक्ष लकड़ी का गट्ठर हटने से मना कर दिया। इस पर दोनों पक्षों में भिड़ गए और जमकर मारपीट हुई। उक्त संदर्भ में चौकी प्रभारी घघसरा अवधेश पाण्डेय ने कहा कि-अभी किसी पक्ष द्वारा तहरीर नहीं दी गई है। प्रार्थनापत्र मिलने पर कारवाई की जाएगी।

# समाजसेवी संस्था द्वारा सम्मानित हुए शिक्षक तथा कर्मयोगी

अमन लेखनी समाचार / शोभित शुक्ला

फतेहपुरे शिक्षा सम्मान से शिक्षक शिक्षकाये समेत अनेक कर्मयोगियों को शिक्षा अवार्ड से समाजसेवी संस्था एजुकेटेड गर्ल्स फाउंडेशन ने सम्मानित कियो कार्यक्रम का शुभारंभ खंड विकास अधिकारी विपुल विक्रम सिंह चौहान एवं फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने किया बालिकाओं को शिक्षित करने के लिए जागरूक किया गया यह फाउंडेशन बालिकाओं को शिक्षित करने के लिए समर्पित है जिसमें फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने उपस्थित शिक्षक शिक्षिकाओं एवं समाजसेवियों बालिकाओं को शिक्षित करने को जागरूक करने में अहम भूमिका निभाने के लिए उन्हें शिक्षा पुरस्कार से सम्मानित किया अभिभावकों को जागरूक करने के लिए समर्पित फाउंडेशन के डीपीओ दीपक दीक्षित एवं अन्य पदाधिकारियों ने शिक्षा क्षेत्र समेत विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत कर्मयोगियों को जागरुक एवं



सम्मानित करने के लिए विकासखंड मुख्यालय अंतर्गत बीआरसी परिसर के सभागार में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें मुख्यअतिथि खंड विकास अधिकारी विपुल विक्रम सिंह एवं फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया कार्यक्रम का संचालन शिक्षक उमेश कुमार त्रिवेदी ने किया वहीं एजुकेटेड गर्ल्स फाउंडेशन के पदाधिकारी ने मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी विपुल विक्रम सिंह समेत सभी अतिथियों को बैच अलंकरण एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक उमेश कुमार त्रिवेदी,, शैलेंद्र सचान, प्रतिमा उमराव, कीर्ति पालीवाल, आशा देवी, सुशीला देवी ,लता देवी समेत दर्जनों शिक्षक कर्मियों को सम्मानित करने के साथ पंचायत कर्मी आर्य कुमार पाण्डेय ,सुरेंद्र उमराव सहित सैकड़ो सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे और उन्हें सम्मानित किया गया संस्था के डीपीओ दीपक दीक्षित ने अतिथियों एवम उपस्थित जन समुदाय को बालिका शिक्षा के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि एजुकेटेड गर्ल्स फाउंडेशन बालिकाओं की शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए समर्पित है उत्तर प्रदेश समेत अन्य प्रदेशों में भी संस्था के पदाधिकारी व कार्यकताओं के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर जाकर महिलाओं एवं ग्रामीण को बालिकाओं को शिक्षित करने के लिए जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है वहीं मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी ने जन समुदाय को जागरुक करते हुए कहा कि उत्कृष्ट समाज की स्थापना के लिए बच्चों के साथ बालिकाओं को शिक्षित करना अत्यंत आवश्यक है क्योंकि बालिकाओं की शिक्षित होने पर दो परिवारों का भाग्योदय होने के साथ ही नाम भी रोशन होता है इस दौरान अध्यापिका प्रतिमा उमराव ने प्रेरणादायक स्वरचित कविता के द्वारा बालिकाओं को सूचित करने के लिए उपस्थित जनसमुदाय को मंत्र मुक्त कर दिया कार्यक्रम की समाप्ति पर एजुकेटेड गर्ल्स फाउंडेशन के डीपीओ दीपक दीक्षित एवं पदाधिकारी ने उपस्थित के लिए आभार व्यक्त किया इस मौके पर हिमांशु पांडे, उमेश अग्निहोत्री ,मोहित श्रीवास्तव सहित काफी शिक्षक शिक्षिकाएं सामाजिक कार्यकर्ता ग्रामीण मौजूद रहे

# बलरामपुर में ट्रक पलटने से ड्राइवर-हेल्पर की मौत

- ओडिशा से यूपी ले जा रहे थे लोहे के एंगल, बाइक को बचाने के दौरान हादसा

अमन लेखनी समाचार

बलरामपुर , छत्तीसगढ़ के बलरामपुर में एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रक पलटने से ड्राइवर और हेल्पर की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर बसंतपुर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद ट्रक के अंदर से दोनों के शवों को निकाला। पूरा मामला बसंतपुर थाना क्षेत्र का है। बताया जा रहा है कि मालवाहक ट्रक फूलीडूमर घाट पर अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। इस भयानक सड़क दुर्घटना में ट्रक के ड्राइवर राजेन्द्र यादव और



हेल्पर अंकित विश्वकर्मा की मौत हुआ है। दोनों मृतक उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले के रहने वाले थे। बताया जा रहा है कि ट्रक में लोहे का एंगल लोडकर ओडिशा से उत्तर प्रदेश के चुनार लेकर जा रहे थे, तभी एक बाइक सवार को बचाने में ट्रक बेकाबू होकर पलट गया। ट्रक पर लोड लोहे के एंगल से ड्राइवर और हेल्पर दब गए। दोनों को बाहर निकलकर अपनी जान बचाने का भी मौका नहीं मिल सका। ट्रक के अंदर ही दोनों ने दम तोड़ दिया। बसंतपुर पुलिस की टीम ने दोनों शवों को ट्रक से निकाल कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मृतकों के परिजनों को भी सूचना दी जा चुकी है। फिलहाल पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई में जुट गई है। चालक राजेंद्र यादव पिता रामकेस यादव 33 वर्ष निवासी बारी महेबा थाना करमा सोनभद्र और परिचालक अंकित विश्वकर्मा पिता रामविलास विश्वकर्मा 22 वर्ष निवासी आरंगी थाना शाहगंज सोनभद्र का बताया जा रहा है।

# अनूपशहर में कार ने बाइक सवार छात्रों को मारी टक्कर

### हादसे में पांच छात्र घायल, सभी स्कूल जा रहे थे, दो छात्रों की हालत गंभीर हायर सेंटर रेफर

अमन लेखनी समाचार



अनूपशहर, जहांगीराबाद कोतवाली क्षेत्र के गांव जलीलपुर के समीप तेज रफ्तार कार द्वारा स्कूल जा रहे बाइक सवार छात्रों को रौंदने का मामला सामने आया है। दो छात्रों की हालत गंभीर होने के चलते हायर सेंटर रेफर किया गया है जबकि हादसे में दो कार सवार भी घायल हो गए। गांव सांखनी निवासी मोहम्मद कैफ ( 15 ) पुत्र ताहिर हुसैन और मोहम्मद रजा( 14 ) पुत्र समीर शनिवार सुबह घर से स्कूल के लिए निकले थे। रास्ते में जहांगीराबाद अहार रोड पर चरोरा निवासी बाइक सवार खलील ( 20 ) पुत्र इलियास की बाइक पर लिफ्ट लेकर बैठ गए। जहांगीराबाद से शादी समारोह के लिए सब्जी मंडी से सब्जी लेकर आ रहे गांव मौहरसा निवासी कार सवार ने गांव जलीलपुर के समीप बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार खलील, छात्र मोहम्मद कैफ और मोहम्मद राजा, कार सवार सोनू और आजाद घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जहांगीराबाद सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से घायल छात्र मोहम्मद कैफ, मोहम्मद रजा और खलील को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

# बुलंदशहर से अयोध्या के लिए रवाना हुई बसें

- नगर वासियों ने लगाए जय श्री राम के नारे, रामलला के दर्शन कराने को विधायक ने की पहल

अमन लेखनी समाचार

बुलंदशहर, बुलन्दशहर मंडल से अयोध्या दर्शन के लिए पांच बसें रवाना हुई हैं। बसों में सवार होकर श्रद्धालु अयोध्या के लिए रवाना हो गए। रवाना होने से पूर्व श्रद्धालुओं ने जय श्री राम के नारे लगाए। भाजपा के युवा नेता विक्रांत त्यागी ने बताया कि बुलंदशहर के स्याना मंडल से 5 बसें अयोध्या के लिए रवाना की गई हैं। इसके लिए संगठन के कार्यकताओं ने श्रद्धालुओं के पंजीकरण की प्रक्रिया पूर्ण कर ली थी। सभी श्रद्धालु 11 फरवरी को प्रभु श्री राम



के दर्शन करेंगे। एआरटीओ परिवर्तन राजीव बंसल ने बताया कि पार्टी की ओर से बसों की मांग करने पर भेज दी गई है। जिले की विधानसभाओं से श्रद्धालुओं को लेकर बसें रवाना हो गई हैं। अयोध्या जाने वाले श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की। नगर वासियों ने अयोध्या जाने वाले श्रद्धालुओं को फूल मालाएं पहनाईं। जय श्री राम के नारो से माहौल भक्ति मय हो गया। जय श्री राम के नारे लगाते हुए श्रद्धालु अयोध्या के लिए रवाना हो गए।

## गांव चलो अभियान के तहत ब्लॉक प्रमुख ने योजनाओं की दी जानकारी

**अमन लेखनी समाचार/शिवम सिंह**

कुरारा, हमीरपुर। गांव चलो अभियान के कार्यक्रम के तहत ब्लाक प्रमुख आशीष पालीवाल ने क्षेत्र के देवी गंज ग्राम पंचायत में ग्रामीणों से डोर टू डोर मिलकर पार्टी की जन कल्याण कारी योजनाओं की जानकारी दी। तथा गांव के प्राथमिक विद्यालय व जूनियर विद्यालय व आंगनवाड़ी केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। तथा शिक्षा व मिड डे मील के बारे में जानकारी ली भाजपा का गांव चलो अभियान लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर चल रहा है। आज ब्लाक प्रमुख आशीष पालीवाल ने अपने कार्यकताओं के साथ क्षेत्र के देवीगंज, मलहरा, राजा डेरा, गुलाब गंज में ग्रामीणों से मिलकर केंद्र सरकार व राज्य सरकार की जन कल्याण कारी योजनाओं की जानकारी दी।तथा पत्रक व पार्टी का पटका पहनाया। तथा गांव के विद्यालय व आंगनवाड़ी केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। तथा मध्यान्ह भोजन के संबंध में बच्चो से जानकारी ली।इस अवसर पर उनके साथ ग्राम प्रधान देवी गंज रामायण प्रसाद,प्रवीण कुमार, आदि मौजूद रहे।

## अनियंत्रित हो पलटी फोर व्हीलर,दो की मौत, दो लोग घायल

**अमन लेखनी समाचार**

हमीरपुर। राष्ट्रीय राज्यमार्ग कानपुर सागर नेशनल हाइवे पर एक फोर व्हीलर गाड़ी अनियंत्रित हो पलट गई जिसमें सवार दो लोगो की घटना स्थल पर मौत हो गयी तो वही सूचना पर पहुँची पुलिस ने सभी को उपचार हेतू अस्पताल में भर्ती कराया गया है तो वही इस घटना से परिजनों में शोक का माहौल ब्याप्त है।बताया जा रहा है कि फोर व्हीलर में चार लोग सवार थे जो किसी काम से महोबा की ओर जा रहे थे और हादसे का शिकार हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार पता चला है कि जनपद के मौदहा थाना क्षेत्र के ग्राम छिरका निवासी वाहन स्वामी कृषक देवीचरन उर्फ बउआ पुत्र रामसेवक 21 वर्ष , कृषक छोटे लाल पुत्र रामखेलावन 45 वर्ष,कृषक बच्चा पुत्र शिवका 55 वर्ष निवासीगण ग्राम छीरका थाना मौदहा जनपद हमीरपुर व कृषक पवन पुत्र महेंद्र कुशवाहा उम्र करीब 24 वर्ष निवासी ग्राम पौथिया थाना ललपुरा जनपद हमीरपुर फोर व्हीलर बुलोरो गाड़ी वढ91श2234 पर सवार हो ग्राम छीरका से पड़ोसी जनपद महोबा के ग्राम गहबरा जा रहे थे तभी गहबरा चौकी के शिवभोग ढावा के निकट गाड़ी अनियंत्रित हो दुर्घटनाग्रस्त हो गई।सूचना पर पहुँची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया जहाँ पर डॉक्टरों ने बच्चा को मृत घोषित कर दिया तो वही छोटेलाल की हालत गंभीर होने पर उसे सदर अस्पताल को रिफर किया था पर उसकी इलाज के लिए ले जाते वक्त रास्ते मे ही मौत हो गयी।वही अन्य दो घायलों को कम चोट लगने और स्थित सामान्य होने पर उनका इलाज अस्पताल में चल रहा है।वही पुलिस ने मृतकों के शवो को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही उपरांत पंचनामा भर कर पोस्टमार्डम हेतू शव विच्छेदन ग्रहः भेजा है।इस घटना से मृतकों के परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने वाला मुन्ना भाई को पुलिस ने भेजा जेल

**अमन लेखनी समाचार**

सरोजनीनगर लखनऊ। विद्युत सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा बीते दिनों हुई टेक्नीशियन (विद्युत) भर्ती परीक्षा में दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने वाला एक मुन्ना भाई रविवार को सरोजनीनगर में अभिलेख परीक्षण के दौरान पकड़ा गया। पुलिस ने उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया है। विद्युत सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के उप सचिव श्यामसुंदर तिवारी के मुताबिक विद्युत सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा बीती 3, 7, 8, 9, 10 और 17 नवंबर 2023 को टेक्नीशियन (विद्युत) भर्ती के लिए प्रदेश के विभिन्न जिलों में कंप्यूटर आधारित परीक्षा कराई गई थी। इस परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर 1812 अभ्यर्थियों को 9, 10, 11 और 12 फरवरी को उनके अभिलेखों के परीक्षण के लिए सरोजनीनगर स्थित विद्युत प्रशिक्षण संस्थान में बुलाया गया। तभी 9 फरवरी को विद्युत प्रशिक्षण संस्थान सरोजनीनगर को एक गुमनाम पत्र प्राप्त हुआ। जिसमें बताया गया कि मनीष माधो नामक व्यक्ति द्वारा विकास सिंह और सत्येंद्र सिंह के स्थान पर परीक्षा दी गई है और संदेह जताया कि यही व्यक्ति इन दोनों लोगों के अभिलेख परीक्षण कराने आएगा। इसको लेकर मेसर्स टीसीएस टीम को अलर्ट कर दिया गया कि उनके अभिलेख परीक्षण के समय लिए गए फोटोग्राफ भली भांति देखने के साथ ही उनका मिलान किया जाए। यदि उक्त फोटो से मिलता व्यक्ति अभिलेख परीक्षण के लिए उपस्थित हो तो उसे रोक कर इसकी सूचना विद्युत सेवा आयोग के अधिकारियों को दी जाए। रविवार को विद्युत प्रशिक्षण संस्थान सरोजनीनगर में अपराह्न 2 बजे तृतीय पाली में अभिलेख परीक्षण हो रहा था। तभी अभ्यर्थी रमेश सिंह के अभिलेख परीक्षण के लिए एक व्यक्ति उपस्थित हुआ। उसे देखकर मे. टीसीएस के स्टाफ को संदेह हुआ और उन्होंने जब उसका फोटो मिलान किया तो वह पूर्व में दो फोटोग्राफ से मिलता नजर आया। इस पर उसे रोक लिया गया और इसकी सूचना विद्युत सेवा आयोग अधिकारियों को दी गई। बाद में उसे पकड़कर सरोजनीनगर पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। जहाँ पूछताछ में उसने अपना नाम बिहार प्रांत के भागलपुर निवासी मनीष माधो बताया। पूछताछ में उसने बताया कि उसने पांच अभ्यर्थियों के स्थान पर परीक्षा दी थी। यह जानकारी होने के बाद विद्युत सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश कॉरपोरेशन लिमिटेड के उपसचिव श्यामसुंदर तिवारी ने मनीष माधो के अलावा रमेश सिंह, विकास सिंह और सत्येंद्र पटेल के खिलाफ सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर पकड़े गए मनीष माधो को जेल भेज दिया है।

## एसडीएम न्यायालय में एक मुकदमें में बहस के दौरान दो वकीलो के गुट भिड़े

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ ।मोहनलालगंज तहसील में सोमवार को एसडीएम न्यायालय में रूटीन मुकदमो की एसडीएम बृजेश कुमार वर्मा सुनवाई कर रहे थे तभी बैनामे के दाखिल खारिज के मुकदमें की एसडीएम न्यायालय में हुयी अपील की बहस के दौरान दो वकीलो के गुट न्यायालय में ही आपस में भीड़ गये ओर जमकर हगांमा करने लगे। काफी समझाने के बाद भी वकीलो के ना मानने पर एसडीएम बृजेश कुमार वर्मा मुकदमो की सुनवाई ठप्प कर न्यायालय से सीधे उठकर अपने कार्यालय में चले गये।वही अपीलकर्ता न्यायालय में गिरकर बेहोश हो गया जिसे आनन-फानन इलाज के लिये अस्पताल ले जाया गया।वकीलो के हगांमे के चलते एसडीएम कोर्ट में लगे अदम पैरवी में खारिज करीब 200मुकदमो की सुनवाई नही हो सकी।प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहनलालगंज तहसील में स्थित एसडीएम न्यायालय में नेपाल सिंह बनाम नरेन्द्र कुमार के 35(2)राजस्व संहिता 2006 के तहसीलदार न्यायालय से खारिज मुकदमें में अपील के लिये बहस चल रही थी तभी मुकदमें में आदेश कराने को लेकर दोनो पक्षो के वकील न्यायालय में ही आपस में भीड़ गये ओर हगांमा शुरू कर दिया।इस दौरान अपीलकर्ता नेपाल सिंह न्यायालय में ही बेहोश होकर गिर पड़ा जिसके बाद हड़कम्प मच गया आनन-फानन बेहोश अपीलकर्ता को उसके साथ आये लोग इलाज के लिये अस्पताल लेकर गये।काफी देर तक हगांमा शांत ना होने पर एसडीएम मुकदमो की सुनवाई ठप्प कर अपने कार्यालय चले गये।वकीलो के हगांमे के चलते अदम पैरवी में खारिज 200मुकदमो की सुनवाई नही हो सकी।

## प्रधानाध्यापक के ऊपर लगाए मिडडे मील में धांधली का आरोप

**अमन लेखनी समाचार/शिवम सिंह**

कुरारा, हमीरपुर। विकास खंड क्षेत्र के चकोठी गांव के ग्राम प्रधान ने प्रधानाध्यापक द्वारा मिड डे मील में धांधली करने व शिक्षण कार्य में रुचि न लेने का शिकायती पत्र शिक्षा मंत्री को भेजकर जांच कराए जाने की मांग की है। चकोठी गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक द्वारा बच्चो के लिए बनने वाले मिड डे मील में धांधली करने व मेन्यू के अनुसार भोजन न देने का शिकायती पत्र शिक्षा मंत्री को भेजकर ग्राम प्रधान हरिशंकर व विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों ने बताया कि विद्यालय में कार्यरत प्रधानाध्यापक राजीव कुमार गुप्ता द्वारा बच्चो के लिए बनने वाले मध्यान्ह भोजन में भारी धांधली की जा रही है। तथा बच्चो को ठीक तरह से भोजन मेन्यू के अनुसार नही मिल पा रहा है। तथा दूध का वितरण कभी नहीं किया जाता है। तथा इसकी शिकायत करने पर ग्रामीणों से अभद्र भाषा का प्रयोग करता है। तथा शिक्षण कार्य में रुचि न लेकर गांव में भ्रमण कर राजनीति का कार्य कर रहा है। इसकी शिकायत खंड विकास अधिकारी से की गई थी। जिसमे निरीक्षण में खामियां मिली थी। लेकिन कोई कार्रवाई न होने के कारण ग्रामीण खासे परेशान हैं। शिकायती पत्र देने में बृजमोहन,श्याम सिंह,कालका,प्रेम सिंह, सहित दो दर्जन से अधिक ग्रामीणों के हस्ताक्षर है।

## सोनांचल सेवा मंच के मेडिकल कैंप में 131 मरीजों को दी गई मुफ्त दवाईयां: अजय कुमार पाठक

**अमन लेखनी समाचार**




सोनभद्र। सामाजिक संस्था सोनांचल सेवा मंच की ओर से आज दिनांक 11 फरवरी, दिन रविवार को कमजोर एवं जरूरतमंदों के लिए एक मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 131मरीजो का इलाज डॉक्टर विवेक कुमार( एम०@ डी )इलेक्ट्रो होम्योपैथी एवं डॉ॰ अजय पाल, डा० आशु संतोष , डा ० आशीष पाल की टीम द्वारा फिजियोथैरेपी एवं एक्यूप्रेशर के माध्यम से किया गया। सभी मरीजों को मुफ्त दवाएं दी गई, उनको आगे के इलाज का परामर्श दिया गया साथ ही साथ जिन मरीजों की क्रिटिकल पोजीशन समझ में आई उन्हें आगे किस तरह से, किस जगह से ,दवा की और इलाज की मदद मिलेगी इसका उन्हें परामर्श दिया गया ।इस मेडिकल कैंप का शुभारंभ पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष उमाशंकर सिंह द्वारा किया गया । सोनांचल सेवा मंच के संयोजक अशोक कुमार यादव एवं अध्यक्ष सुशील कुमार कुशवाहा एवम संस्थापक योग गुरु आचार्य अजय कुमार पाठक महाराज ने कहा की शिक्षा, स्वास्थ्य ,स्वच्छता एवं जागरूकता के अपने मिशन पर सोनांचल सेवा मंच लगातार प्रयास करता रहता है। आम जन मानस तक स्वास्थ्य पहुंचाने के लिए बीच-बीच में ऐसे मेडिकल कैंप के आयोजन के जरिए कमजोर से कमजोर एवं जरूरतमंद की सेवा करने का अवसर प्राप्त होता रहता है और सोनांचल सेवा मंच इस कार्य को लगातार गति प्रदान करता रहता है। उपस्थित अतिथियों ने सोनांचल सेवा मंच द्वारा किए जा रहे कार्यों का भूरी भूरी प्रशंसा की और कहा कि यह संस्था हमेशा कमजोर वर्ग के साथ खड़ी रहती है। दवाई एवं इलाज प्राप्त कर रहे मरीजों के चेहरे पर आत्मीय संतुष्टि के भाव देखे गए। कार्यक्रम में मंच के महासचिव अनूप कुमार सेठ, सचिव विजय विश्वकर्मा, ऑडिटर डॉक्टर अनिल कुमार शर्मा, महिला इकाई की अध्यक्ष श्रीमती उषा शर्मा, पुष्पा दुबे, सरिता सिंह, सुषमा कुशवाहा,वीरेंद्र यादव, अनिल कुमार सिंह,बिपिन कश्यप,पवन यादव,योग गुरु आचार्य अजय पाठक, रवीश कुमार ,लव कुश अग्रहरि, दुर्गा प्रसाद ,अखिलेश्वर पंडित, संत विजय जी, रामवृक्ष यादव छोटू यादव, प्रेम शंकर वर्मा, सज्जाद अली, अनिल जायसवाल , विभाष घटक, पी एस वर्मा ,राकेश यादव, एडवोकेट तनवीर आलम की उपस्थिति उल्लेखनीय रही ।अंत में पूरी डॉक्टर की टीम को सोनांचल मंच की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

## पूर्व राज्य मंत्री डॉ संगीता बलवंत को राज्यसभा का टिकट भाजपा ने बनाया उम्मीदवार



**अमन लेखनी समाचार**

गाजीपुर जिले के पूर्व राज्य मंत्री संगीता बलवंत को भाजपा ने राज्यसभा का टिकट दिया गाजीपुर सदर सीट से पूर्व विधायक संगीता बलवंत को भाजपा ने राज्यसभा उम्मीदवार बनाया है। संगीता को टिकट मिलने के बाद समर्थकों में खुशी है। केंद्रीय नेतृत्व के फैसले पर संगीता बलवंत ने आभार जताया है।डॉक्टर संगीता बलवंत को साल 2017 में गाजीपुर सदर सीट से विधायक रह चुके हैं। उन्होंने ने अपने कार्य काल गाजीपुर सदर क्षेत्र में विकास कार्य बहुत ही अच्छा काम कराया था जो सभी लोग के दिलों में जगह बनाई है जो कि महिलाओं में उनकी बहुत अच्छी पकड़ बनाए रखने में सफल रही।

## साऊडीह व रानीताली के जंगलो में की गयी सघन कॉम्बिंग

सोनभद्र। जनपद में नक्सली संचरण पर प्रभावी रोकथाम रखने, दूरस्थ व पहाड़ी क्षेत्रों के निवासियों से समन्वय स्थापित रखने व जनता में सुरक्षा की भावना बनाये रखने एवं अभिसूचना संकलन के उद्देश्य से आज दिनांक -12.02.2024 को क्षेत्राधिकारी ओबरा डॉ0 चारू द्विवेदी के नेतृत्व में थाना हाथीनाला पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के साऊडीह व रानीताली के पहाड़ी/जंगली इलाकों में सघन कॉम्बिंग की गयी । काम्बिंग के दौरान स्थानीय लोगों से वार्ता कर उन्हें मुख्य धारा में रहकर पुलिस का सहयोग करने व किसी तरह की संदिग्ध गतिविधि दिखने या नक्सली संचरण के विषय मे जानकारी होने पर तत्काल पुलिस एवं स्थानीय प्रशासन को अवगत कराने हेतु प्रेरित किया गया ।

## रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा 01 वारंटी को गिरफ्तार किया गया

सोनभद्र।पुलिस अधीक्षक के निर्देशन मे वांछित/वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (मु0) तथा क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में आज दिनांक 12.02.2024 को थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा 01 नफर वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर मा0 न्याया0 रवाना किया गया ।

## पीआरवी-3078 द्वारा वाहन चोरी कर भाग रहे चोरों का पीछा करके वाहन को किया गया बरामद

सोनभद्र।दिनांक-10-02-2024 को कालर विष्णु कुमार गुप्ता ने यू0पी0- 112 पर सूचना दिया कि उनकी मोटरसाइकिल चोरी हो गयी है। इस सूचना पर थाना करमा पर संचालित पीआरवी-3078 द्वारा तत्काल कालर के मोबाइल नं० पर सम्पर्क किया गया तो कालर ने बताया कि मेरी पल्सर मोटरसाइकिल नं० यू0पी0-64 अए 3593 मेरे निवास स्थान से अज्ञात चोरों द्वारा चोरी करके हिन्दुआरी से करमा की तरफ भाग रहे हैं।

## घोरावल पुलिस द्वारा 03 वारंटीगण को गिरफ्तार कर न्याया. रवाना किया गया

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन मे वांछित/वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) तथा क्षेत्राधिकारी घोरावल के पर्यवेक्षण में दिनांक 12.02.2024 को थाना घोरावल पुलिस द्वारा अलग-अलग अभियोगों से सम्बन्धित 03 वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर मा0 न्याया0 रवाना किया गया ।

## हैवी ब्लास्टिंग से दहला रेलवे स्टेशन, हो सकता है बड़ा हादसा

**अमन लेखनी समाचार**




डाला सोनभद्र - नियमों को ताख पर रख कर हो रहे पत्थर खनन में हैबी ब्लास्टिंग जिम्मेदार मौन, जनपद इस समय अवैध खनन में लिप्त है , कही मानक के बिपरीत तो कही मनमानी तरीके से हो रहे खनन में संलिप्तता सरकार की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रहे है। जहां मुख्यमंत्री महोदय ने देश से भ्रष्टाचार मिटाने की बात कर रहे है।वही जनपद भ्रष्टाचार का हब बन गया। जनपद में रेलवे स्टेशन चोपन/ओबरा थाना अंतर्गत चल रहे खादान बीसीएस इंटरप्राइजेज को बढ़ावा देना है। खनन मात्र एक दिखावा है । मकसद तो कुछ और है। क्योंकि नियमानुसार हमेशा डीजीएमएस टीम द्वारा जांच करने का सिलसिला क्षेत्रो में सुनने को आता है। और भारी सुविधाओ के साथ मानक को दरकिनार कर दिया जाता है।बिल्ली जंक्शन पर हमेशा खादान में होने वाले ब्लास्टिंग की वजह से मौत मंडराता रहता है। यात्रियों के लिए बना प्रितिक्षालय बनते ही ब्लास्टिंग की वजह से जर्जर हो गया। दीवारे फट चुकी है। अभी वर्तमान में ही बना रेलवे स्टेशन पर ब्रिज का यही हाल है। सीढ़ियों व फाउंडेशन की स्थिति बहुत ही खराब है। सभी जगह के पत्थर लगाए गए स्थान से अलग हो चुके है। फिरभी खनन माफिया अपनी हरकतों से बाज नही आ रहे।

## बीजपुर एनटीपीसी के सहायक लोक पायलटो की हुई बैठक

### स्थाई कामों में ठेका प्रथा गैरकानूनी– वर्कर्स फ्रंट

### यूनियन के 18 फरवरी के जिला सम्मेलन को सफल करने की अपील

**अमन लेखनी समाचार**



बीजपुर, सोनभद्र 12 फरवरी 2024, राष्ट्रपति भवन लेकर उद्योगों और सरकारी संस्थाओं तक स्थाई कामों में चलाई जा रही ठेका प्रथा गैरकानूनी है और ठेका मजदूर विनिमयन कानून का उल्लंघन है।यह प्रथा मजदूरों की मजदूरी की लूट के लिए कराई जा रही है।एनटीपीसी में भी रेलवे लोडिंग के स्थाई काम में संविदा प्रथा के जरिए सहायक लोको पायलटो की नियुक्ति की गई और उन्हें स्थाई लोको पायलट की तुलना में चौथाई मजदूरी दी जा रही है।इसके खिलाफ रणनीति बनाने के लिए 18 फरवरी को पिपरी में ठेका मजदूर यूनियन का जिला सम्मेलन हो रहा है जिसमें बीजपुर के मजदूर भी शामिल हो। यह अपील वर्कर्स फ्रंट के प्रदेश अध्यक्ष दिनकर कपूर ने आज बीजपुर एनटीपीसी में आयोजित संविदा श्रमिकों की बैठक में कहीं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार लेबर कोड लाकर समान काम के समान वेतन के कानून और ठेका मजदूरों की स्थाईकरण के कानून को खत्म करने में लगी है।काम के घंटे 12 कर यह सरकार आधुनिक गुलामी लाने पर आमादा है।यदि तीसरी बार सरकार बनी तो लेबर कोड को लागू किया जाएगा जिससे मजदूरों का बड़े पैमाने पर शोषण होगा। बैठक में मजदूरों ने बताया कि बीजपुर प्लांट में संविदा में काम कर रहे मजदूरों को डबल ओवर टाइम की जगह ओवर टाइम का सिंगल भुगतान किया जा रहा है।आउटसोर्सिंग कम्पनियों को लगाकर स्थाई कामों में स्थाई कर्मचारियों की तुलना में बेहद कम वेतन पर मजदूरों से काम कराया जा रहा है।एनटीपीसी ने सहायक लोको पायलटो की नियुक्ति की और अब उन्हें पदोन्नति का भी लाभ नहीं दिया जा रहा है। ठेका मजदूर यूनियन के जिला अध्यक्ष कृपा शंकर पनिका ने मजदूरों की स्थिति पर बोलते हुए कहा कि इन सवालों को सहायक श्रम आयुक्त भारत सरकार प्रयागराज के सम्मुख उठाया जाएगा। बैठक में सुधीर कुमार, तफशील शेख, विनोद कुमार, रानवेश, अजीत कुमार पटेल, सोनू कुमार सिंह, धर्मेंद्र यादव, शशि कुमार पटेल, सत्येंद्र पाल, दीपक कुमार, सुनील कुमार, अवधेश गुप्ता, जितेंद्र कुमार पटेल, रोहन राज, बजरंगी कुमार आदि मजदूरों ने अपनी बात को रखा।

## मानसिक स्वास्थ्य शिविर आयोजित

गाजीपुर जिले के सेवराई में मानसिक स्वास्थ्य शिविर मरीजों को दिया उचित परामर्श , डॉ. जितेंद्र कुमार बोले- कहा भूत प्रेत महज दिमाग का है भ्रम को दूर कर इलाज करना चाहिए नहीं तो धीरे-धीरे गम्भीर रूप में बिमारी हो जाती है। सेवराई तहसील क्षेत्र के भदौरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मानसिक स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। मानसिक बीमारी, जिसे मानसिक स्वास्थ्य विकार भी कहा जाता है, मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों की एक विस्तृत श्रृंखला को संदर्भित करता है। विकार जो आपके मूड, सोच और व्यवहार को प्रभावित करते हैं। मानसिक बीमारी के उदाहरणों में अवसाद, चिंता विकार, सिजोफ्रेनिया, खाने के विकार और व्यसनी व्यवहार शामिल हैं।स्वास्थ्य विभाग की तरफ से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भदौरा पर मानसिक रोग चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। चिकित्सा शिविर में करीब 170 मरीजों ने स्वास्थ्य शिविर में आए हुए थे और उनका इलाज किया गया

## रोजगार मेले में 154 अभ्यर्थियों वितरित किया गया ऑफर लेटर

**अमन लेखनी समाचार**




मीरजापुर - दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना अंतर्गत उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान व जिला सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में विकास खंड स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन राजगढ़ ब्लाक में स्थित तथागत निजी आईटीआई दधिया राजगढ़ मीरजापुर के प्रागंण में किया गया।मुख्य अतिथि गजेंद्र प्रताप सिंह ब्लॉक प्रमुख राजगढ़ द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर मेला का शुभारंभ किया गया। नोडल राजकीय आईटीआई प्रधानाचार्य अशोक कुमार द्वारा मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। इस मेले में रहे विशिष्ट अतिथि ई0 रामलौटन बिंद को जिला कौशल प्रबंधक अचल सिंह ने माल्यार्पण एवं स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया। प्रधानाचार्य द्वारा अपने स्वागत भाषण देते इस रोजगार मेले के बारे में सभी लोगों को अवगत कराया एवं इस अवसर पर आए हुए सभी अतिथियों एवं अधिष्ठानों का स्वागत किया।मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन ने कहा कि आज देश-प्रदेश सरकार प्रत्येक क्षेत्र में प्रगति कर रही है इसी क्रम में आपके द्वार आज रोजगार मेला का आयोजन हुआ है। मेले में प्रतिभाग कर रहे अभ्यर्थियों से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में बेरोजगार युवा मेला में सम्मिलित हो और लाभ प्राप्त करें तथा साथ ही सरकार द्वारा चल रहे योजनाओं के बारे में अवगत कराया। मुख्य अतिथि ने अभ्यर्थियों को आफर लेटर भी वितरित किया। इस मेले में कुल 278 अभ्यर्थी उपस्थित हुए जिसमे 154 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। रोजगार मेले में 09 कंपनियों ने शिरकत किया जिसमे एनटीपी सोल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड, अमास स्किल सोल्यूशन, पीपल ट्री ऑनलाइन, एसआईएस सिक्योरिटीज वर्धमान, सफायर हेल्थ सॉल्यूशन इत्यादि अधिष्ठान ने प्रतिभाग किया। कार्यदेशक उमाशंकर सिंह ने इस रोजगार मेला में आए हुए सभी अतिथियों, अधिष्ठान एवं अभ्यर्थियों का धन्यवाद दिया एवं सबका आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम की समापन की घोषणा किया। इस अवसर पर अनुदेशक अनिल कुमार वर्मा, विपिन बिहारी सिंह, धनंजय कुमार, रामजी, नीरज, एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

## बड़ी बिमारी उत्पन्न होने की बढ़ी आशंका, बना चिंता का विषय

**अमन लेखनी समाचार**



डाला सोनभद्र। नगर में स्थित निजी कंपनी (अल्ट्राटेक सीमेंट यूनिट डाला) के प्लांट में कचरे को नष्ट कचरे के नियत से सीमेंट फैक्ट्री के किलन में कचरे को जलाए जाने पर स्थानीय रहवासियों के जीवन में कई बड़ी बिमारी को उत्पन्न होने की बढी आशंका नगर वासियों के लिए जीवन पर भारी संकट मंडरा रहा है जिम्मेदार कौन वहीं नगर में चर्चा का विषय विषय बना हुआ है कि देश की नामी निजी कंपनी अल्ट्राटेक सीमेंट यूनिट के द्वारा दुसरे जिलें का एकत्रीत कचरे को नष्ट करने हेतु डाला सीमेंट फैक्ट्री के किलन में भारी मात्रा में जलाया जा रहा है जिसके उपरांत उससे निकलने वाला धुआं व जहरीली गैस यहां के वातावरण में मिल रहा है उसमें से मीथेन गैस निकलती है जिसके कारण मीथेन प्रदूषण, जो जमीनी स्तर के ओजोन का एक प्राथमिक घटक है और बेंजीन जैसे जहरीले रसायनों के साथ उत्सर्जित होता है, जिससे हृदय रोग, जन्म दोष, अस्थमा और अन्य प्रतिकूल स्वास्थ्य प्रभावों से संबद्ध होगा जो डाला नगर समेत आसपास के क्षेत्र वासियों के लिए चिंतनीय बना हुआ है वहीं सूत्रों की मानें तो किलन जलाने के लिए जिन कूड़ा कचरे का प्रयोग किया जा रहा है वह कही न कही से कचरे की ढेर है। जिस समय गाड़िया कचरे लेकर सड़क से गुजरती है । सड़क बदबूदार हो जाता है। इससे तरह-तरह की बीमारियां फैलने का डर बना रहता है।देखा जाय तो अल्ट्राटेक निजी कंपनी द्वारा हॉस्पिटल के नाम पर खानापूर्ति ही हो रही है। वही नगर के लोगों का इलाज भी भगवान भरोसे है।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews @gmail.com**



# मेट्रो इन दिनों में लीड रोल में नजर आएंगे आदित्य

**मुंबई।** अभिनेता आदित्य रॉय कपूर 'मेट्रो इन दिनों' में मुख्य भूमिका में दिखाई देने वाले हैं। आदित्य इस फिल्म की शूटिंग कब शुरू करने वाले हैं ये जानकारी सामने आ रही है। फिल्म में आदित्य के अलावा सारा अली खान, अनुपम खेर, नीना गुप्ता, पंकज त्रिपाठी, कोकंणा सेन शर्मा, अली फजल, फातिमा सना शेख भी मुख्य भूमिका में दिखाई देने वाले हैं। रिपोर्ट के अनुसार, प्रोडक्शन से जुड़े करीबी सूत्रों ने यह खुलासा किया है कि आदित्य रॉय कपूर, अनुराग बासु द्वारा निर्देशित मोस्ट अवेटेड फिल्म 'मेट्रो इन दिनों' की शूटिंग शुरू करने के लिए तैयार हैं। अभिनेता आगामी सप्ताह से फिल्मिंग के अगले चरण की शुरुआत करने वाले हैं।

लाइफ Style



# जान्हवी

## साउथ जाकर बढ़ाई फीस

एजेंसी ▶▶| मुंबई

बॉलीवुड में नाम कमाने के बाद अब जान्हवी कपूर ने साउथ की फिल्म इंडस्ट्री का रुख किया है। जान्हवी साउथ में जूनियर एनटीआर की फिल्म देवरा पार्ट 1 से डेब्यू करने वाली हैं। फिल्म का उनका फर्स्ट लुक भी काफी पसंद किया गया है। पर क्या आप जानते हैं कि उन्होंने इस फिल्म के लिए कितनी मोटी फीस वसूली है।

हाल ही में ऐसी रिपोट्र्स आई थीं कि जान्हवी कपूर रामचरण की अगली फिल्म आरसी 16 में भी अहम रोल में नज़र आने वाली हैं। अब बताया जा रहा है कि साउथ फिल्मों के लिए जान्हवी कपूर ने अपनी फीस बढ़ा दी है। एक सोर्स के हवाले से दावा किया गया था कि जान्हवी ने साउथ फिल्म देवरा के लिए अपनी फीस बढ़ा दी है। दरअसल इससे पहले बताया गया था का जान्हवी ने इस फिल्म के लिए 5 करोड़ रुपए की फीस वसूली है। पर हालिया रिपोर्ट में बताया गया कि उन्होंने 10 करोड़ रुपए वसूले हैं। साउथ की पहली ही फिल्म से वो टॉलीवुड की हाइएस्ट पेड एक्ट्रेस बन गई हैं। उन्होंने रश्मिका मंदाना, पूजा हेगड़े, श्रीलीला जैसी एक्ट्रेसेस को भी फीस के मामले में पीछे छोड़ दिया है। ये एक्ट्रेसेस एक टॉलीवुड फिल्म के लिए करीब 4 करोड़ रुपये चार्ज करती हैं।


देवरा का निर्देशन कोराटला शिवा कर रहे हैं। पहले ये फिल्म पांच अप्रैल को आने वाली थी। हालांकि अब इस फिल्म की रिलीज़ डेट पोस्टपोन हो गई है। इस फिल्म में जूनियर एनटीआर और जान्हवी के अलावा सैफ अली खान, शाइन टॉम चाको और प्रकाश राज समेत कई सितारे नज़र आने वाले हैं। फिल्म दो पार्ट में बन रही है। अभी इसका पहला पार्ट ही तैयार हुआ है।

हॉलीवुड मसाला




# एमिली ने किया बेबी बंप फ्लॉन्ट

**लॉस एंजेलिस।** एक्ट्रेस एमिली अटैक इन दिनों अपनी प्रेग्नेंसी लाइफ को एंजॉय कर रही हैं। एक्ट्रेस अक्सर सोशल मीडिया पर बेबी बंप फ्लॉन्ट करते हुए तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस को लंदन के विक्टोरियन बाथ हाउस में सोप एंड ग्लोरी लॉन्च इवेंट में स्पॉट किया गया। इस इवेंट में एक्ट्रेस का स्टनिंग लुक देखने को मिला। लुक की बात करें तो हसीना ग्रीन कलर के क्रॉप टॉप और स्कर्ट में नजर आईं। इस क्रॉप टॉप में हसीना अपना बेबी बंप फ्लॉन्ट करती नजर आई हैं।




# मोआना का सीक्वल 27 नवंबर को होगा रिलीज

**लॉस एंजेलिस।** डिज़्नी ने 'मोआना' के सीक्वल की घोषणा की, जो 27 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। 'मोआना' की योजना मूल रूप से एक टेलीविजन श्रृंखला के रूप में बनाई गई थी, लेकिन फुटेज से इगर के प्रभावित होने के बाद इसे एक फीचर फिल्म में बदल दिया गया। निर्माता ने बयान में कहा, मोआना अविश्वसनीय रूप से लोकप्रिय फ्रेंचाइजी बनी हुई है। जब 'मोआना 2' इस नवंबर में सिनेमाघरों में आएगी तो हम आपको मोआना और माउई के बारे में और अधिक बताने के लिए इंतजार नहीं कर सकते। निर्माता के अनुसार, मोआना 2 दर्शकों को मोआना, माउई और अप्रत्याशित नाविकों के एक बिल्कुल नए दल के साथ एक महाकाव्य नई यात्रा पर ले जाएगी। डेव डेरिक जूनियर सीक्वल का निर्देशन कर रहे हैं, जिसमें अबीगैल बार्लो और एमिली बेयर अभिनय करेंगे।



# दीपिका की फिल्म कल्कि का गाना आउट

**मुंबई।** दीपिका पादुकोण और साउथ सुपरस्टार प्रभास की आने वाली फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' पिछले काफी समय से चर्चा में है। पहली बार प्रभास और दीपिका पादुकोण की जोड़ी पर्दे पर नजर आएगी, जिसे देखने के लिए फैंस काफी एक्साइटेड हैं। इसी बीच अब फैंस के लिए फिल्म से जुड़ा एक अपडेट सामने आया है। दरअसल, दीपिका की फिल्म 'कल्कि 2898- एडी का एक म्यूजिक वीडियो सामने आया है। वीडियो में वूफर के माध्यम से गूंजती बीट्स सुनाई दे रही है, जो बेहद दमदार है। 'कल्कि 2989 एडी' का ट्रेलर मार्च एंड या अप्रैल की शुरुआत में रिलीज हो सकता है। दीपिका स्टारर ये मूवी वर्ल्डवाइड इस साल 9 मई को रिलीज होगी। बता दें, अश्विनी दत्त और वैजयंती मूवीज के बैनर तले फिल्म का निर्माण हुआ है। यह फिल्म दो भागों में रिलीज होगी।



# ईगल ने किया 10 करोड़ का आंकड़ा पार

**मुंबई।** साउथ इंडस्ट्री के जाने-माने अभिनेता रवि तेजा की हालिया रिलीज ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया है। 9 फरवरी को रिलीज हुई ईगल ने शानदार शुरुआत के बाद दूसरे दिन बंपर कमाई की है। रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म ने रिलीज के दो दिनों के भीतर 10 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर लिया है, जिसका कुल घरेलू संग्रह 10.95 करोड़ रुपए है। शनिवार को ईगल ने कुल तेलुगु ऑक्यूपेंसी 32.84 प्रतिशत दर्ज की, जबकि इसकी हिंदी ऑक्यूपेंसी मामूली 9.02 प्रतिशत थी। लाल सलाम ने शुक्रवार को 3.55 करोड़ रुपए की कमाई की। यह सिलसिला दूसरे दिन भी जारी रहा, ईगल ने लाल सलाम के 3 करोड़ रुपए की तुलना में 4.75 करोड़ रुपए के साथ अपनी बढ़त बरकरार रखी। फिल्म का लेखन, निर्देशन और संपादन कार्तिक ने किया है।

# वाणी करेंगी परेश और अपार संग स्क्रीन शेयर

**मुंबई।** जुग जुग जियो', 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' और 'सत्यप्रेम की कथा' की सफलता के बाद बॉलीवुड में फैमिली ड्रामा फिल्मों का दौर लौटता दिख रहा है। अगले कुछ महीनों में एक के बाद एक कई फैमिली ड्रामा फिल्में आने वाली हैं। मीडिया रिपोट्र्स के मुताबिक, अब इस लिस्ट में एक और फिल्म का नाम जुड़ गया है, जिसका निर्देशन नवजोत गुलाटी कर रहे हैं। इस फिल्म में वाणी कपूर, अपारशक्ति खुराना और परेश रावल मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। हालांकि अभी तक इस फिल्म का नाम तय नहीं हुआ है। रिपोट्र्स के मुताबिक इस फिल्म की शूटिंग जल्द ही लंदन में शुरू होगी। फिल्म में वाणी और अपारशक्ति भाई-बहन के किरदार में नजर आएंगे। वहीं, परेश रावल फिल्म की मुख्य कड़ी होंगे। फिल्म की कहानी नवजोत गुलाटी ने लिखी है।

वहीं, अगर वाणी कपूर की आने वाली फिल्म की बात करें तो एक्ट्रेस जल्द ही राजकुमार गुप्ता की फिल्म 'रेड 2' में नजर आएंगी। फिल्म में वह अजय देवगन के साथ मुख्य भूमिका में हैं। फिलहाल 'रेड 2' की शूटिंग चल रही है। रिपोट्र्स के मुताबिक यह फिल्म 15 नवंबर को बड़े पर्दे पर रिलीज होगी।



# एक साल में दलजीत कौर की शादी में आई दरार



**मुंबई।** छोटे पर्दे की जानी मानी एक्ट्रेस दलजीत कौर इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। दरअसल, दलजीत ने बीते साल 2023 में बिजनेस टायकून निखिल पटेल के साथ शादी रचाई थी। इस शादी में टीवी जगत की कई मशहूर हस्तियां शामिल हुई थीं, लेकिन अब खबर आ रही है कि साल भर पूरे होने से पहले ही इन दोनों के रिश्ते में दरार आ गई है। दलजीत ने सोशल मीडिया से अपनी शादी की फोटो और अपना सरनेम दोनों हटा दिए हैं। अब इसमें एक नई जानकारी सामने आई है। दलजीत कौर के एक करीबी सूत्र ने निखिल पटेल के साथ उनकी शादी के बारे में खुलासा किया है और साथ ही उनके अलग होने की वजह का भी खुलासा किया है।

## अंबाजीपेट मैरिज बैंड ओटीटी पर होगी स्ट्रीम



**मुंबई।** साउथ सिनेमा हिट फिल्म अंबाजीपेट मैरिज बैंड जल्द ओटीटी पर दस्तक देने वाली हैं। अंबाजीपेटा मैरिज बैंड की स्ट्रीमिंग 1 मार्च से अहा वीडियो पर होगी। हालांकि आधिकारिक घोषणा अभी बाकी है। अंबाजीपेटा मैरिज बैंड कास्ट संवेदनशील अंतर्धारा विषय पर आधारित कॉमेडी इमोशनल ड्रामा है। इसमें सुहास ने मल्लिकार्जुन उर्फ मल्ली की भूमिका निभाई है। इसके अलावा, फिल्म में शिवानी नगरम, गोपराजू रमाना, स्वर्णकांत, नितिन प्रसन्ना, विनय महादेव, जगदीश प्रताप बंडारी और शरण्या प्रदीप भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फिल्म का निर्देशन धीरज मोगिलिनेनी और वेंकट रेड्डी ने किया है। वहीं, शेखर चंद्रा ने अंबाजीपेटा मैरिज बैंड फिल्म के लिए संपूर्ण पृष्ठभूमि स्कोर और संगीत तैयार किया।



# प्रीति जिंटा को मणिरत्नम ने कहा था शूटिंग सेट पर चेहरा धोने को

एजेंसी ▶▶| मुंबई



1998 की फिल्म 'दिल से' को याद करते हुए अभिनेत्री प्रीति जिंटा ने कहा कि फिल्म निर्माता मणिरत्नम ने सेट पर पहले दिन ही उन्हें मेकअप साफ करने को कहा था। प्रीति ने इंस्टाग्राम पर शाहरुख खान और मनीषा कोइराला अभिनीत फिल्म की एक तस्वीर शेयर की। उन्होंने कहा, ये तस्वीर 'दिल से' के सेट पर पहले दिन ली गई थी। मैं मणिरत्नम सर और शाहरुख खान के साथ काम करने के लिए बहुत उत्साहित थी। जब मणि सर ने मुझे देखा तो वह मुस्कुराए और विनम्रता से मुझे अपना चेहरा धोने के लिए कहा, लेकिन मैंने कहा, सर मेरा मेकअप उतर जाएगा, उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, मैं बिल्कुल यही चाहता हूं, कृपया अपना चेहरा धो लें। प्रीति को लगा कि मणिरत्नम मजाक कर रहे हैं। अभिनेत्री ने कहा, मुझे लगा कि वह मजाक कर रहे हैं, फिर मुझे एहसास हुआ कि वह मजाक नहीं कर रहे थे, इसलिए संतोष सिवन (हमारे फोटोग्राफी निदेशक) को धन्यवाद, मैंने धुले चेहरे के साथ फिल्म बनाई। रोमांटिक थ्रिलर असम में उग्रवाद की पृष्ठभूमि पर आधारित थी, जहां मनीषा ने एक आतंकवादी की भूमिका निभाई थी और शाहरुख का किरदार एक रेडियो स्टेशन में एक कार्यक्रम कार्यकारी का था। अभिनेत्री दीया मिर्जा ने पोस्ट में लिखा, प्रीति को मेकअप की जरूरत नहीं है।

# फिल्मों में वापसी के लिए तैयार सामंथा

**मुंबई।** अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु पिछले काफी महीनों से ब्रेक पर चल रही हैं। बीते साल खुद एक्ट्रेस ने खुलासा किया था कि वह लंबे समय से ऑटो-इम्यून स्थिति (मायोसाइटिस) बीमारी से जूझ रही है। इसके चलते वह कुछ वक्त के लिए ब्रेक पर गई थी, लेकिन अब सामंथा पर्दे पर वापसी के लिए पूरी तरह से तैयार हो चुकी हैं। अदाकारा एक बार फिर उसी जोश की तरह दोबारा काम पर लौट रही हैं, जिसकी जानकारी उन्होंने खुद सोशल मीडिया पर दी है। सामंथा ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर वीडियो शेयर करते हुए फैंस को काम पर वापस आने की खुशखबरी दी। वीडियो में अदाकारा कह रही है कि, आखिरकार मैं काम पर वापस जा रही हूं, लेकिन इस बीच मैं पूरी तरह से बेरोजगार थी।

इसके अवाला सामंथा ने बताया कि, मैं अपने दोस्त के साथ कुछ मजेदार कर रही हूं। यह एक है स्वास्थ्य पॉडकास्ट, यह अनएक्सपेंडेड है, लेकिन यह कुछ ऐसा है, जो मुझे वास्तव में बहुत पसंद है। मैं इसके बारे में बेहद भावुक हूं और मैं बहुत उत्साहित हूं कि यह अगले हफ्ते रिलीज हो रहा है।